

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 02 अगस्त 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-09 ■ वर्ष -41 ■ अंक-126 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 03 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संक्षेप

### पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त जारी

**वाराणसी,2 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर उन्होंने वाराणसी से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बटन दबाकर करीब 20,500 करोड़ रूपये की राशि 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए भेजी। पीएम मोदी ने कहा कि "हमारा प्रयास है कि किसानों को समय पर सहायता मिले और उनकी आय बढ़े। पीएम किसान योजना इसी दिशा में एक मजबूत कदम है।" इस मौके पर उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। किसानों को इस योजना के तहत हर वर्ष तीन किस्तों में 6,000 रूपये की सहायता दी जाती है। यह 20वीं किस्त इस वित्तीय वर्ष की दूसरी किस्त है। योजना का लाभ पाने के लिए किसानों को ई-केवाईसी, आधार लिंकिंग और सही भूमि अभिलेखों की आवश्यकता होती है।

### कोर्ट ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की गिरफ्तारी के दावे को खारिज किया

**मुंबई,2 अगस्त।** मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने आज 2 अगस्त को 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में 7 आरोपियों को बरी करते हुए एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की. न्यायाधीश ए.के. लाहोटी ने अपने फैसले में साफ कहा कि पूर्व एटीएस अधिकारी महबूब मुजावर द्वारा किया गया यह दावा कि उन्हें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया था, पूरी तरह बेबुनियाद और असत्य है. 1,000 पृष्ठों के विस्तृत फैसले में न्यायाधीश ने कहा कि बचाव पक्ष की ओर से पेश किए गए तर्कों और मुजावर के बयानों में कोई कानूनी मजबूती नहीं है. अदालत ने माना कि तत्कालीन जांच अधिकारी एसीपी मोहन कुलकर्णी के बयान के अनुसार, मुजावर को केवल दो फरार आरोपियों – रामजी कलसांगरा और संदीप डांगे – की तलाश के लिए भेजा गया था, न कि मोहन भागवत को गिरफ्तार करने के लिए.कोर्ट ने इशारों में यह भी स्पष्ट किया कि यह बयान शायद भगवा आतंकवाद की एक खास छवि बनाने के प्रयास के तहत दिया गया था.

# यूपी में बन रही है ब्रह्मोस मिसाइल

**वाराणसी,2 अगस्त।** अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को सीधी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर इस बार पाकिस्तान ने किसी आतंकी हमले की साजिश रची तो यूपी की ब्रह्मोस मिसाइल उसे तबाह कर देगी। पीएम मोदी ने कहा कि अब ब्रह्मोस मिसाइलें उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बनाई जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने हमारे घातक हथियारों का वार देख लिया है। हमारे एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाइलों ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा, पाकिस्तान अगर ब्रह्मोस का नाम भी सुन लेता है तो यह उसकी नींद उड़ाने के लिए काफी है। यूपी के सांसद के नाते मुझे खुशी है कि ब्रह्मोस मिसाइलें हमारे यूपी में भी बनेंगी। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग शुरू हो रही है। यूपी डिफेंस कॉरिडोर में भी कई बड़ी कंपनियां अपने प्लांट लगा रहे हैं। आने वाले समय में यूपी में बने हथियार भारत की सेना की ताकत बनेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने एक स्पष्ट संदेश दिया है - जो कोई भी भारत पर हमला करने की हिम्मत करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा, यहाँ तक कि 'पाताल लोक' में भी नहीं। मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 26 लोगों के लिए मेरा दिल दुख से भर गया है।" उन्होंने कहा, "महादेव के आशीर्वाद से हमारी बेटियों के 'सिंदूर' का बदला लेने का मेरा वादा पूरा हुआ।" प्रधानमंत्री ने कहा, "शिव का अर्थ कल्याणकारी होता है, लेकिन जब आतंकवाद बढ़ता है, तो महादेव अपना रुद्र रूप धारण कर लेते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, दुनिया ने भारत के इसी रूप को देखा।" विपक्ष पर निशाना साधते हुए, प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि जब देश 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मना रहा था, "हमारे अपने देश में कुछ लोग इससे परेशान थे।" उन्होंने कहा, "कांग्रेस और उसके सहयोगी इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।"मोदी ने भीड़ से सीधा सवाल किया: "क्या आपको ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व नहीं है? क्या आपको इस बात पर गर्व नहीं है कि भारत ने आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया?" उन्होंने आगे कहा, "आप सभी ने देखा होगा कि कैसे हमारे ड्रोन और मिसाइलों ने सटीक हमले किए और आतंकवादी ठिकानों को मलबे में बदल दिया।



**प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को दी कड़ी चेतावनी**

### 'ऑपरेशन सिंदूर' महादेव को समर्पित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, जहां उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को भगवान महादेव के चरणों में समर्पित करते हुए इसे एक पूरा किया गया वादा बताया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की निर्मम हत्या के जवाब में चलाए गए इस ऑपरेशन को प्रधानमंत्री ने बेटियों के सिंदूर का बदला कहा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, "यह हमला मेरे लिए बेहद दर्दनाक था। खासकर उन महिलाओं के लिए जिनके सुहाग उजड़ गए। मैंने वचन दिया था कि मैं उनकी मांग का सिंदूर नहीं मिटने दूंगा। महादेव की कृपा से वह वादा अब पूरा हुआ है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, "यह नया भारत है। यह नया भारत भोलेनाथ को भी पूजता है और देश के दुश्मनों के सामने काल भैरव भी बन जाता है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "शिव का एक रूप कल्याण है तो दूसरा रौद्र रूप है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने भारत का यही रूप देखा है। भारत पर जो वार करेगा वह पाताल में भी नहीं बचेगा लेकिन दुर्भाग्य से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हमारे देश में कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है।

# जल्द ही होगा मंत्रिमंडल का विस्तार

**तीन दिवसीय दिल्ली दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री साय ने कहा**

**रायपुर,2 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुबह दिल्ली दौरे से लौट आए. तीन दिवसीय दिल्ली दौरे पर मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित सहित कई नेताओं से मुलाकात की. छत्तीसगढ़ सदन में छत्तीसगढ़ के सांसदों को भोज दिया. केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के निवास में भी भोज पर शामिल हुए. 30 जुलाई से 1 अगस्त मुख्यमंत्री साय का दिल्ली से व्यस्ततम और व्यापक दौरा रहा.

इस दौरे के दौराज सीएम साय का संसद भवन भी जाना हुआ. जहां उन्होंने अपने कई पुराने साथियों से मुलाकात की. केंद्रीय सत्ता और संगठन के नेताओं से मुलाकातों में छत्तीसगढ़ का विजन अंजोर@2047 का विषय तो रहा ही, साथ रजंती वर्ष में आयोजित होने 6 महीने तक के कार्यक्रम और राज्योत्सव भी रहा. और सबसे अहम रहा मंत्रिमंडल विस्तार, जो बार-बार छत्तीसगढ़ में होते-होते टल जा रहा है.मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के आलाकमान से भी मुलाकात हुई. छत्तीसगढ़ के विकास के संबंध में गृह मंत्री समेत सभी केंद्रीय नेताओं से सहयोग मिला.मुख्यमंत्री ने बताया कि नक्सल उन्मूलन के क्षेत्र मिली सफलताओं को लेकर भी चर्चा हुई. इसके साथ ही उन्होंने बस्तर ओलंपिक को 'खेलो इंडिया ट्राइब गेम्स' के रूप में विकसित करने की बात



कहते हुए कहा कि इससे बस्तर को नई पहचान मिलेगी. बस्तर में नक्सलवाद की समाप्ति का प्रयास जारी है.मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर लगाए जा रहे कयास के बीच बड़ा संकेत देते हुए कहा कि इंतजार करिए, जल्द होगा मंत्रिमंडल का विस्तार होगा. मुख्यमंत्री के भाजपा आलाकमान से मुलाकात के दौरान इस विषय पर चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है.

### मंत्रियों के दो पद हैं खाली

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 13 दिसंबर 2023 को शपथ ली थी. कैबिनेट के गठन के दौरान मुख्यमंत्री सहित 12 मंत्री थे. इनमें शामिल बृजमोहन अग्रवाल ने सांसद चुने जाने के बाद मंत्री पद के साथ विधायकी से इस्तीफा देने से मंत्रियों के रिक्त पदों की संख्या दो हो गई. इन दो पदों पर नियुक्ति के लिए न जाने कितनी बार चर्चा हुई, लेकिन कहीं न कहीं बात अटक जा रही है. लेकिन लगता है कि अबकी बार प्रधानमंत्री की मौजूदगी में ही नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण होगा.

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में 2 आतंकी ढेर

**श्रीनगर,2 अगस्त।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 2 आतंकी को मार गिराया है और कुछ आतंकियों को घेर लिया है। कुलगाम के अखल जंगल में सुबह से ही सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी जारी है। एक अधिकारी ने कहा कि खुफिया जानकारी मिलने के बाद बीती रात से ही सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इस दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू की और मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने बताया, कुलगाम के अखल क्षेत्र में आतंकियों से संपर्क स्थापित हो गया है। रात भर रुक-रुक कर और तीव्र गोलीबारी जारी रही। सतर्क सैनिकों ने संतुलित गोलीबारी की और संपर्क बनाए रखते हुए घेराबंदी कड़ी कर दी। सुरक्षाबलों ने अब तक दो आतंकवादी को मार गिराया है। अभियान जारी है।

# मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार ननों को मिली जमानत

**बिलासपुर,2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी के आरोपी में दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार ननों के केस में बड़ा अपडेट है. बिलासपुर स्थित एनआईए कोर्ट ने शुक्रवार को पीड़ित पक्षों की दलील सुनने के बाद बेल एप्लिकेशन पर फैसले को सुरक्षित रखा था. आज पीड़ितों की जमानत अर्जी को मंजूर कर दिया गया है. बता दें कि 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मानव तस्करी और धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए दो ननों और एक युवक को रोका था. आरोप था कि तीनों, नारायणपुर जिले की तीन लड़कियों को बहला-फुसलाकर आगरा ले जा रहे हैं. कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर नारेबाजी करते हुए सभी को जीआरपी के हवाले कर दिया था.



जीआरपी थाना भिलाई-3 के अंतर्गत दुर्ग जीआरपी चौकी में मामले की जांच के बाद धर्मांतरण की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर तीनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था. इस मामले को लेकर केरल सांसदों ने दो बार छत्तीसगढ़ का दौरा किया था. 29 जुलाई को INDI गठबंधन और भाजपा का डेलिगेशन रायपुर पहुंचा था, जिन्होंने दुर्ग जेल में बंद ननों से मुलाकात की थी. UDF के एंटो एंटनी, हिबी ईडन समेत 4 सांसद शुक्रवार को रायपुर पहुंचे थे. उन्होंने दुर्ग में ननों से मुलाकात के बाद राजधानी रायपुर में पुतला फूंका था और प्रदर्शन कर विरोध जताया था. इस विरोध प्रदर्शन में केरल सांसदों के साथ कांग्रेस सह-प्रभारी जरीता लैतफलांग समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे.

# रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा भारत

**नई दिल्ली,2 अगस्त।** भारत ने अमेरिका की टैरिफ वाली कार्रवाईयों को नजरअंदाज करते हुए अपने पुराने और भरोसेमंद सहयोगी रूस से तेल की खरीद जारी रखने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि भारत की तेल रिफाइनरियां रूसी कंपनियों से तेल प्राप्त करना जारी रखे हुए हैं। उनके आपूर्ति संबंधी निर्णय कीमत, कच्चे तेल की गुणवत्ता, भंडार, रसद और अन्य आर्थिक कारकों पर निर्भर होते हैं। सूत्रों के अनुसार, रूसी तेल पर कभी कोई अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। इसके बजाय, जी-7 और यूरोपीय संघ द्वारा एक मूल्य सीमा व्यवस्था लागू की गई थी ताकि रूस की आय को सीमित करते हुए वैश्विक आपूर्ति को जारी रखा जा सके। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने इस फ्रेमवर्क के तहत 60 डॉलर प्रति बैरल की अधिकतम सीमा का सख्ती से पालन किया है। अब EU ने इसे घटाकर 47.6 डॉलर प्रति बैरल करने की सिफारिश की है, जिसे सितंबर से लागू किया जाएगा। मार्च 2022 में जब रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में अफरातफरी मची थी, तब ब्रेंट क्रूड की कीमतें 137 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। इसी दौरान भारत ने रणनीतिक निर्णय लेते हुए रियायती रूसी कच्चे तेल की खरीद शुरू की, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में संतुलन बना रहा और महंगाई को काबू में रखने में मदद मिली। सूत्रों के अनुसार, अगर भारत ने रूसी तेल न खरीदा होता और OPEC+ देशों की उत्पादन कटौती (5.86 mb/d) भी जारी रहती, तो तेल की कीमतें 137 डॉलर से भी ऊपर जा सकती थीं। इससे वैश्विक स्तर पर महंगाई और ऊर्जा संकट और गहरा जाता। भारत ने सिर्फ अपने ऊर्जा हितों की रक्षा नहीं की बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाई। इस दौरान भारत ने ईरान और वेनेजुएला जैसे उन देशों से तेल नहीं खरीदा, जिन पर वास्तव में अमेरिका के प्रतिबंध लागू हैं।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को समन जारी

**नई दिल्ली,2 अगस्त ।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में वाड्रा को समन जारी किया है. स्पेशल जज सुशांत चंगोट्रा ने वाड्रा को 28 अगस्त को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है. कोर्ट ने वाड्रा को समन जारी करने के मामले में 24 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था.बता दें कि 17 जुलाई को ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ हरियाणा के शिकोहपुर भूमि से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल किया था. इसमें वाड्रा और 10 अन्य लोगों के नाम हैं. उनकी कंपनी, मेसर्स स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड का नाम भी शामिल है.

# रायपुर-जबलपुर के बीच 3 अगस्त से दौड़ेगी नई एक्सप्रेस ट्रेन, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**रायपुर,2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ को रेल सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर सूचित किया है कि रायपुर-जबलपुर नई एक्सप्रेस ट्रेन को 3 अगस्त 2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना की जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र में बताया कि भारत सरकार छत्तीसगढ़ में रेलवे सेवाओं और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वर्तमान में राज्य में 44,657 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न रेलवे परियोजनाएं प्रगति पर हैं। वर्ष 2025 के बजट में छत्तीसगढ़ को रिकार्ड 6,925 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी



गई है। बता दें कि छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है, जिनमें से पांच स्टेशनों का हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में दो वंदे भारत ट्रेनों का संचालन भी पहले से जारी है, जो 'मेक इन इंडिया' पहल का उदाहरण है। रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन न केवल छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के बीच आवागमन को आसान बनाएगी, बल्कि इससे व्यापार, पर्यटन और सामाजिक संपर्क को भी नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में रेल नेटवर्क का विस्तार तेजी से हो रहा है। इससे जनता को सुविधाजनक और आधुनिक रेल सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

**रीवा-पुणे के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन**- भारतीय रेलवे की ओर से मध्य प्रदेश के रींवा और महाराष्ट्र के पुणे के मध्य एक नए एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू किया जा रहा है।

### चुनाव आयोग ने बीएलओ का पारिश्रमिक बढ़ाकर दोगुना किया

**नई दिल्ली,2 अगस्त ।** चुनाव आयोग ने बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले देश में कार्यरत सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को बड़ी सौगात दी है। आयोग ने सभी बीएलओ के पारिश्रमिक को दोगुना करने के साथ ही चुनाव कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों का पारिश्रमिक भी बढ़ाया है। आयोग ने इस संबंध में सभी राज्य निर्वाचन आयुक्तों को आदेश भी जारी कर दिए हैं। बता दें, बीएलओ समेत अन्य कर्मचारियों के परिश्रमिक में 2015 के बार से इजाफा नहीं हुआ था।

# सोनाली मिश्रा बनीं आरपीएफ की नई महानिदेशक

**रायपुर,2 अगस्त।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की कमान पहली बार किसी महिला अधिकारी को सौंपी गई है. कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मध्यप्रदेश कैडर की आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा की डीजी/आरपीएफ के पद पर 31 अक्टूबर, 2026 तक नियुक्ति को मंजूरी दे दी है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि सोनाली मिश्रा का छत्तीसगढ़ के बहुत पुराना नाता है. अपनी व्यावसायिकता, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के लिए जानी जाने वाली मध्य प्रदेश कैडर की 1993 बैच की आईपीएस सोनाली मिश्रा तीन दशकों से अधिक की विशिष्ट सेवा का अनुभव रखती हैं. इस कार्यभार से पहले, उन्होंने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (चयन/भर्ती) के रूप में कार्य किया, साथ ही पुलिस प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल



में एडीजी और मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल में निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला. उन्होंने सीबीआई और बीएसएफ में भी सेवा की है और कोसोवो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सेवा देने का अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी प्राप्त है. उत्कृष्टता और व्यावसायिकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए उन्हें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है.

**सार बातें**

**2024 के लोकसभा चुनाव में हुई धांधली, राहुल गांधी का बहुत बड़ा आरोप; EC को बताया मरा हुआ**

# अगर 15-20 सीटें कम होतीं, मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन पाते

नई दिल्ली,2 अगस्त। कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बहुत बड़ा आरोप लगाया है। शनिवार को कांग्रेस पार्टी के कानूनी सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में "धांधली" हुई थी। उन्होंने कहा कि अब उनके पास इस बात के डॉक्यूमेंट्स और डेटा हैं, जो यह साबित करते हैं कि चुनाव में गड़बड़ी हुई। राहुल गांधी ने कहा, "लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी हो सकती है, और 2024 का लोकसभा चुनाव गड़बड़ी वाला था। अब हमारे पास इसके सबूत हैं। हम इसे साबित करेंगे।" राहुल गांधी ने एक लोकसभा सीट का उदाहरण देते हुए कहा, "हमने एक सीट की वोटर लिस्ट की जांच की। उसमें 6.5 लाख वोटर थे, जिनमें से 1.5 लाख फर्जी निकले।" उनका दावा है कि यह कोई अपवाद नहीं, बल्कि सुनियोजित योजना के तहत किया गया फर्जीवाड़ा है। कांग्रेस नेता ने पार्टी के विधि विभाग द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की। राहुल गांधी ने आगे कहा कि बीजेपी की बहुमत सरकार इसी गड़बड़ी के कारण बनी है। उन्होंने कहा, "अगर बीजेपी को 15-20 सीटें कम मिलतीं, तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनते।" राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी गंभीर सवाल उठाते हुए कहा, "भारत में चुनाव आयोग अब मर चुका है।" उन्होंने आरोप लगाया कि अब यह संस्था स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर रही।



**"शक 2014 से था, अब सबूत मिल गए"**-राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें 2014 से ही चुनाव प्रणाली पर शक था, और गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान यह शक और गहराया। उन्होंने कहा, "राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में कांग्रेस को एक भी सीट न मिलना, हैरान करने वाला था। जब भी हम बोले, लोग कहते थे सबूत कहां हैं?"

**महाराष्ट्र बना टर्निंग पॉइंट**-राहुल गांधी ने दावा किया कि महाराष्ट्र में उन्हें पहली बार ठोस सुराग मिले। उन्होंने कहा, "लोकसभा में हमने जीत हासिल की, लेकिन चार महीने बाद विधानसभा में हमारी बुरी हार हुई। जब हमने जांच की तो पाया कि लोकसभा और विधानसभा के बीच 1 करोड़ नए वोटर जुड़ गए, जिनमें से अधिकतर वोट बीजेपी को गए। अब मेरे पास कोई शक नहीं कि ये चुनाव गड़बड़ी से प्रभावित था।" राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब इन तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर पूरे देश के सामने यह सच्चाई उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि वे इसे कानूनी और राजनीतिक दोनों स्तरों पर उठाएंगे। उन्होंने कहा, "महाराष्ट्र में जो हुआ, उसने मुझे इस मुद्दे को गंभीरता से लेने पर मजबूर कर दिया। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह सकता था लेकिन अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूं कि हमारे पास सबूत हैं। हम पूरे देश को दिखाएंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था ठीक से काम नहीं करती है। हमें सबूत ढूंढ़ने में छह महीने जरूर लग गए लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों को स्कैन या कॉपी नहीं किया जा सकता। सवाल है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची पर स्कैन और कॉपी सुरक्षा क्यों लागू करता है।"

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री का सामान गिरने से मची थी भगदड़: रेल मंत्री

**नईदिल्ली,2 अगस्त।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गत 15 फरवरी को मची भगदड़ का वास्तविक कारण सामने आ गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में कहा कि स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ के बीच एक यात्री का सिर पर रखा सामान गिरने से भगदड़ मच गई थी। मामले की जांच के लिए गठित समिति की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। बता दें की इस भगदड़ में 11 महिलाओं समेत कुल 18 लोगों की मौत हो गई थी। उच्च-स्तरीय जांच समिति ने पाया कि हादसे का कारण यात्री के सिर पर लदा सामान गिरना था। भगदड़ में 4 बच्चों और 11 महिलाओं समेत अन्य पीड़ितों की दम घुटने से मौत हुई। घटना रात 8:48 बजे फुटओवर ब्रिज 3 पर हुई। रात सवा 8 बजे के बाद यात्रियों की संख्या बढ़ने और कई यात्रियों के सिर पर भारी सामान लेकर चलने से फुटब्रिज पर आवाजाही बाधित हो गई। इस दौरान एक यात्री का सामान गिरने से भगदड़ मच गई। मंत्री वैष्णव ने बताया कि इस त्रासदी के मद्देनजर भारतीय रेलवे अधिक भीड़ वाले 73 स्टेशनों पर व्यापक भीड़ प्रबंधन उपाय लागू करेगा। नई दिल्ली, आनंद विहार, वाराणसी, अयोध्या और गाजियाबाद में पायलट प्रोजेक्ट पहले से ही चल रहे हैं।

एक नजर

## महान समाज सुधारक थे बाल गंगाधर तिलक : कांग्रेस



**राजनांदगांव, 02 अगस्त।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर 01 अगस्त शुक्रवार को शहर कांग्रेस द्वारा भरकापारा इंदिरा सरोवर के पास स्थित बाल गंगाधर तिलक की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। विज्ञप्ति जारी करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने कहा कि ''स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं उसे लेकर रहूंगा।'' की आवाज बुलंद करने वाले बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर 01 अगस्त शुक्रवार को इंदिरा सरोवर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, फिरोज अंसारी, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, मामराज अग्रवाल, भोला यादव, मोहनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, सागर ताम्रकार, संदीप सोनी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## 10 क्विंटल सरिया चोरी का आरोपी मेटाडोर सहित गिरफ्तार



**राजनांदगांव, 02 अगस्त।** दिनांक 31/07/2025 को थाना लालबाग उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी का मेटाडोर 06 चक्का वाहन क्र. सी.जी. 08 ए.एस. 3928 में 10 टन लोहे का सरिया लोड कर रायपुर से भानपुरी के लिए निकली थी। जो कि ड्रायवर द्वारा उक्त गाडी को झा हार्डवेयर भानपुरी के सामने खडी कर बिल देने गया था। जब बिल देकर वापस आया तो देखा कि उक्त गाड़ी वहां पर नही था। जो कि किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कमांक 354/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 कायम कर विवेचना में लिया जाकर मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी गयी वाहन एवं माल मषरूका के संबंध में तत्काल पता तलाश किया गया। पता तलाष दौरान जरिये मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ कि चोरी गयी वाहन को डोगरगढ क्षेत्र में जाते देखा गया है। कि सुचना पर तत्काल हमराह स्टाप रवाना होकर ग्राम डुंडेरा के पास उक्त वाहन क्र. सी.जी. 08 ए.एस. 3928 को घेराबंदी कर पकडे एवं नाम पता पूछने पर अपना नाम अब्दुल जफर एवं अभिषेक भीवगडे होना बताया एवं दोनो को अभिरक्षा में लेकर मेमोरण्डम कथन लिया गया। अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपीगण द्वारा चोरी गये छः चक्का मेटाडोर वाहन एवं उसमें लोड 10 क्विंटल सरिया तथा चोरी में प्रयोग किये गये मोटर सायकल को जप्त कर आरोपीगणों को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल निरूद्ध किया गया।

## महाशिवपुराण कथा में देवी प्रसंग पर पहुंची नम्रता सिंह



**अम्बागढ चौकी 02 अगस्त।** शिवनाथ नदी के तट पर प्राचीन शिव मंदिर पर सावन महीने पर चल रहे ,पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक व महाशिवपुराण कथा सुनने आज कथा पंडाल पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह,पहुंची। पवित्र श्रावण मास के एकम से चित्रकूट धाम से पधारे श्री महेंद्र कृष्णा शास्त्री द्वारा पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक एवं महाशिवपुराण कथा का विस्तार से सर गर्वित कथा कही जा रही है द्य, वहां महाशिवपुराण कथा आज नम्रता सिंह व साथ पधारी कमलेश सारस्वत महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने कथा प्रसंग पर डूबकर भरपूर आनंद लिया, आज कथा पर देवी प्रसंग देवी प्रसंग चल रहा था,और नारी शक्ति पर महाराज जी का प्रवचन हो रहा था, वैसे ही नम्रता सिंह के आगमन हुआ, श्री महावीर मंदिर न्यास बजरंग चौक द्वारा आयोजित श्री महा शिव पुराण कथा में पहुंची श्रीमती नम्रता सिंह एवं कमलेश सारस्वत का स्वागत सौरभ खंडेलवाल, गणेश खंडेलवाल , लखन देवांगन , दयानंद बोरकर, सिद्धू खंडेलवाल, यश खंडेलवाल द्वारा किया गया, एवं कथावाचक आचार्य श्री महेंद्र कृष्णा शास्त्री महाराज श्री द्वारा प्रसादी व रामनामी ओढनी देकर , जिला पंचायत अध्यक्ष व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष का अभिनंदन कर बाबा का आशीर्वाद दिया ।

## बलौदाबाजार जिले में 553.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार, 2 अगस्त।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 1 अगस्त 2025 तक 553.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 706.5 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 439.8 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील टुण्डरा 621.1 मिमी, पलारी में 611.7 मिमी, सोनाखान 555.8 मिमी एवं बलौदाबाजार 491.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# स्कूल भवन में करंट, नया भवन बनाने को लेकर ग्रामीणों ने जड़ा ताला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### बीईओ ने दी समझाईश



**छुरिया, 02 अगस्त।** वनांचल क्षेत्र मोरकुटुम्ब के जर्जर हो चुके माध्यमिक शाला भवन में अचानक करंट आ गया, इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शाला भवन में ताला जड़ दिया । जानकारी मिलते ही बीईओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश दी । तब जाकर मामला शांत हुआ । शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोरकुटुम्ब में स्कूल पहुंचे छात्रों को अचानक करंट आ गया । जिससे विद्यार्थियों में अफरा तफरी मच गया । इसकी खबर लगते ही ग्रामीण स्कूल पहुंचने लगे । तत्काल बिजली कनेक्शन काटा गया, नही तो बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी । ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2006 में बना शाला भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है, बारिश में छतों से पानी टपकता है, यही कारण है कि भवन में करंट आ गया । इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल भवन में ताला जड़कर नया भवन निर्माण की मांग करते हुए शाला प्रांगण में बैठ गये । जिसकी खबर लगते ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिर्वतकर ग्रामीणों के समक्ष पहुंचे । जहां सरपंच कौशिल्या बाई, मयाराम साहू, ग्राम पटेल जयसिंग पडोटी, हरदेव कतलाम अध्यक्ष शाला समिति एवं पूर्व सरपंच सुरेश शोरी ने बताया कि तीन साल से लगातार ग्रामीण जर्जर भवन की मरम्मत एवं नया शाला भवन बनाने की मांग शासन प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से पत्र लेखन के माध्यम से करते आ रहे हैं । लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया । नतीजा आज भवन एकदम जर्जर हो चुका है । इससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रहा है । ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों के जान माल का खतरा है । मजबूरन ग्रामीणों को ताला लगाना पड़ रहा है । जिस पर बीईओ प्रशांत चिर्वतकर ने उन्हें बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में माध्यमिक शाला के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए 9.52 लाख रूपये स्वीकृत हो चुका है । जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जायेगा । इस पर भी ग्रामीण नहीं माने और लिखित देने पर अड़े रहे । तब बीईओ के लिखित आश्वासन देने पर ग्रामीण राजी हुए.

# छात्राओं से छेड़छाड़, शिक्षक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**मोहला, 02 अगस्त।** पुलिस थाना मोहला जिला मोहला मानपुर अं0चौकी क्षेत्रान्तर्गत प्रार्थी प्रधान पाठक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22/07/25 से 25/07/25 तक आरोपी जोगीराव खोब्रागढ़े पिता तानूराम खोब्रागढ़े उम्र 50 साल निवासी जिला मोहला मानपुर अं0चौकी द्वारा छात्राओं से अश्लील बाते करने, गालो को छूना, अभद्र व्यवहार, आदि कि रिपोर्ट पर थाना मोहला में अपराध क्रमांक 72/25 धारा 75(1)(I),75(1)(IV) बीएनएस 8,12 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी के पश्चात् श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी वॉय.पी.सिंह (भा.पु.से), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अम्बागढ़ चौकी ताजेश्वर दीवान के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चन्द्रा के कुशल नेतृत्व में टीम गठित कर नाबालिक छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी की पतासाजी कर दिनांक 31.07.2025 को ग्राम मोहला में घेराबंदी कर आरोपी जोगीराव खोब्रागढ़े पिता तानूराम खोब्रागढ़े उम्र 50 साल निवासी बालक पूर्व मा.शाला मोहला थाना मोहला जिला मोहला मानपुर अं0चौकी हिरासत में लिया गया। अरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर दिनांक 31/07/25 के 10:10 बजे गिरफ्तार कर परिजनो को सूचित कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# टेबल टेनिस में विनय बैसवाड़े बने विजेता



**रायपुर, 02 अगस्त।** भारतीय जीवन बीमा निगम, सतना मंडल द्वारा दिनांक 28 से 29 जुलाई 2025 तक दादा सुखेन्द्र सिंह, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, सतना में 57वीं मध्य क्षेत्रीय टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था 7 उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की सचिव श्रीमती संध्या राज ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र (म.प्र. एवं छ.ग.) के 08 मंडल कार्यालय के खिलाड़ियों ने शिरकत की थी। रायपुर मंडल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार प्रमुख पदक अपने नाम किए। टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग में श्री विनय बैसवाड़े विजेता बने, जबकि श्री केशव खंडेलवाल उपविजेता रहे। महिला वर्ग में कु. साक्षी धनविजय उपविजेता बनीं। वहीं बैडमिंटन महिला वर्ग में श्रीमती शौर्या यदु ने उपविजेता पदक प्राप्त किया। भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक श्री राजेश कुमार सिंह जी द्वारा विजेता खिलाड़ियों श्री विनय बैसवाड़े, श्री केशव खंडेलवाल, कु. साक्षी धनविजय एवं श्रीमती शौर्या यदु को शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि हेतु सम्मानित किया। इसी अवसर पर रायपुर मंडल के श्री शशांक शेखर शर्मा को केंद्रीय कार्यालय, मुंबई द्वारा मध्य क्षेत्र से स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड का सदस्य नामित किए जाने पर भी सम्मानित किया गया। समारोह में विपणन प्रबंधक श्री बुधराम जी, सी.जेड.आई.ई.ए. के महासचिव श्री धर्मराज महापात्र, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन अध्यक्ष श्री राजेश पराते, प्रथम श्रेणी अधिकारी एसोसिएसन अध्यक्ष श्री धनंजय पाण्डे, क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की सचिव श्रीमती संध्या राज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम में उद्यमियों और बैंकों के बीच संवाद



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ 02 अगस्त।** बैंकर्स एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग मे रैंप योजना (राइजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफार्मेंस) के अंतर्गत होटल श्रीओम बस स्टैंड के पास सारंगढ़ में उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के कई सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों (एमएसएमई), महिला उद्यमियों के प्रतिनिधियों, पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना व प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना स्व सहायता समूह, एफ्पीओ और स्टार्टअप्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिले के प्रमुख बैंकों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने भाग लेकर उपस्थित उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना और छत्तीसगढ़ टीएमएसई के लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बैंक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। उपस्थित उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं को साझा किया, जिन पर बैंक अधिकारियों ने समाधान और मार्गदर्शन प्रदान किया। मौके पर ही कई ऋण प्रस्तावों पर कार्यवाही प्रारंभ की गई। कलम नारायण ध्रुव जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम एमएसएमई सेक्टर को सशक्त करने की दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं और भविष्य में ऐसे और भी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी बैंकों और उपस्थित उद्यमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ऋण पुस्तिका की कमी : कांग्रेस

**रायपुर, 02 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि राज्य सरकार की उदासीनता के कारण पटवारियों के पास ऋण पुस्तिका भी उपलब्ध नहीं है। जमीन की रजिस्ट्री व प्रमाणीकरण के बाद लोग पुस्तिका लेने के लिए भटक रहे हैं। कई महीनां से ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं है, कई हजारों लोग जमीन की खरीदी बिक्री करते हैं और उसके बाद ऋण पुस्तिका के लिए भटकना पड़ रहा है। लोग बार-बार पटवारी से निवेदन कर रहे हैं उनकी खरीदी हुई जमीन की ऋण पुस्तिका बना कर दे दें, लेकिन अधिकांश पटवारी के पास ऋण पुस्तिका खत्म हो गई है और पटवारी का कहना है कि इनकी सूचना तहसीलदार को दे दिए हैं। कार्यालय से उन्हें ऋण पुस्तिका भी नहीं मिल रहा है। ऋण पुस्तिका के अभाव में लोग आक्रोशित हैं जिनकी ऋण पुस्तिका खराब हो गई है उन्हें भी पुस्तिका नहीं मिल पा रहा है।

# आयुक्त ने किया गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 02 अगस्त।** आगामी गणेश पर्व के लिए नगर निगम सीमाक्षेत्र मे बनने वाले गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण कर प्रतिमा देख मूर्तिकारो से गणेश प्रतिमा निर्माण के संबंध में जानकारी लेकर चर्चा किए।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने गणेश प्रतिमा निर्माण स्थलों मे जाकर मूर्तिकारों द्वारा बनाए जा रहे गणेश प्रतिमा का निरीक्षण कर मूर्तिकारों से गणेश निर्माण की जानकारी ली। उन्होने कहा कि, शासन निर्देशानुसार प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योकि प्लास्टर आफ पेरिस पानी में घुलता नहीं है और उससे नदी एवं तालाब का पानी प्रदुषित होता है। जिसे ध्यान में रखते हुये मिट्टी से ही गणेश प्रतिमा का निर्माण करना है। मूर्तिकारों ने जानकारी दी कि, मूर्ति निर्माण के लिए प्लास्टर आफपेरिस का उपयोग नही करते बल्कि काली मिट्टी अथवा कछारी मिट्टी का उपयोग किया जाता है, तालाब के किनारे से मिट्टी लाकर पैरा मिलाकर मूर्ति का निर्माण करते है। आयुक्त ने कहा कि, बडी-छोटी किसी भी प्रकार की प्रतिमा में प्लास्टर ऑफपेरिस का उपयोग न करें, उपयोग करते पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने निगम के स्वास्थ्य एवं नजूल अमला से भी कहा है कि वे सभी प्रतिमा निर्माण स्थल की सतत मानिटरिंग करे और प्लास्टर आफपेरिस की गणेश प्रतिमा निर्माण या विक्रय करते पाये जाने पर जप्ती की कार्यवाही करे। उन्होंने शहर में गणेश प्रतिमा स्थापित होने वाले स्थलो का भी निरीक्षण कर प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार तथा यातायात बांधित न हो ऐसे स्थल पर पंण्डाल लगाने समझाईस देने कहा। निरीक्षण के दौरान प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित निगम का अमला उपस्थित था।

# छात्रों और ग्रामीणों ने लिया वन संरक्षण का संकल्प

■ देवपुर परिक्षेत्र में वन महोत्सव एवं जल-जंगल यात्रा का आयोजन



**बलौदाबाजार, 02 अगस्त।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में देवपुर परिक्षेत्र में गुरूवार को जल-जंगल यात्रा एवं वन महोत्सव-एक पेड़ माँ के नाम 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों और ग्रामीणों ने एक पेड़ माँ के नाम से वृक्षारोपण कर ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष पैकरा के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चांदन के विद्यार्थियों और ग्राम अमरुवा के ग्रामीणों को वन का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान सभी प्रतिभागियों को नालों और कम पुनरुत्पादन वाले क्षेत्रों में कराए गए भू-जल संरक्षण कार्यों, विभिन्न वृक्ष प्रजातियों, वन्यजीवों एवं स्थानीय पारिस्थितिकी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल चंद्रहास ठाकुर, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी टीकम सिंह ठाकुर, गजकुमार ठाकुर, वन प्रबंधन समिति अमरुवा एवं रनझुनी के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, अमरुवा सरपंच, वन परिक्षेत्र देवपुर के अधिकारी-कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मी सहित पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# डॉ. मेघेश तिवारी सम्मानित



**रायपुर, 02 अगस्त।** सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में दंडी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के द्वितीय दिव्य चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान के अवसर पर रविवि के कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य एवं विप्र कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य, डॉ. मेघेश तिवारी का शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

सलधा में दंडी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के द्वितीय दिव्य चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान अवसर पर आयोजित समारोह में सरस्वती महाराज ने अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया। डॉ. मेघेश तिवारी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह लगातार दूसरा वर्ष है जब सम्मान के रूप में दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज जी का आशीर्वाद मिला। उनके करकमलों प्राप्त सम्मान से शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए नवीन उत्साह और ऊर्जा मिला है।

# कृष्ण जन्माष्टमी मनाने रामसप्ताह समिति की बैठक सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अम्बागढ़ चौकी 02 अगस्त।** नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर बजरंग चौक में राम नाम सत्ता समिति की बैठक संपन्न हुई, जो की लगभग 90 वर्ष से चले आ रहे राम संकीर्तन सप्ताह वह श्री कृष्ण जन्माष्टमी को एक दिन वह दूसरे दिन गोविंदा उत्सव दही लुट मनाने का निर्णय राम सप्ताह समिति द्वारा लिया गया। ज्ञात हो कि लगभग 90 वर्ष से चले आ रहे राम संकीर्तन सप्ताह मे नगर वासियों के द्वारा उपस्थिति कम होने की वजह से राम संकीर्तन एक दिन का ही रह गया है , वह एक दिन 16 अगस्त शनिवार को जन्माष्टमी के दिन बजरंग चौक सिर्फ प्राचीन महावीर मंदिर में राम संकीर्तन होगा एवं रात्रि 12:00 बजे राजवाड़ा राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाएगा। जहां श्री आंजनेय मानस परिवार द्वारा राम कथा कही जाएगी ,एवं दूसरे दिन रविवार 17 अगस्त को नगर के सभी मार्गो को होते हुए गोविंदा उत्सव दही लूट कर खाद्य पदार्थ व खाद्य पदार्थ व धन लुटाया जाएगा , जिसमें नगर के विभिन्न युवा टोलियों के द्वारा रोड पर दही हांडी का लुट किया जाएगा।जहां नगर के सभी नगर वासियों के द्वारा मिठाई दही माखन व खाद्य पदार्थ और धन लुटाया जाता है ।जहां दूर-दूर से आसपास गांव के लोग आनंद लेने उत्साह के साथ आते हैं । नगर रामसत्ता समिति के अध्यक्षबशंकर निषाद एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता सुकृत दास मानिकपुरी , ने बताया कि 17 अगस्त रविवार को विशाल शोभा विशाल शोभा विशाल शोभायात्रा जोर शोर से विभिन्न झांकी, आदिवासी मादरी नृत्य ,राउत नृत्य व बाजे गाजे से निकाली जाएगी। बैठक मे दिनेश ताम्रकार ,शोभा शंकर त्रिपाठी पूर्व पार्षद धर्मेंद्र साहू,पूर्व पार्षद देव प्रसाद यादव दुर्गु किसान, यशवंत बोरकर लखन देवांगन, बिसाहू प्रसाद पांडे, संतोष कुंभकार आदि बहु संख्या नगरवासी उपस्थित रहे ।

# सोलर संयंत्रों का बेहतर संचालन प्राथमिकता : राजेश सिंह

### बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के सौर संयंत्रों का क्रेडा सीईओ ने किया निरीक्षण



**रायपुर, 02 अगस्त।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सौर आधारित महत्तवपूर्ण योजनाओं के माध्यम से राज्य के नागरिकों को लाभ पहुंचाने का कार्य गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के क्रियान्वयन हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी क्रेडा द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं क्रेडा अध्यक्ष माननीय भूपेन्द्र सवन्नी के मंशानुसार कार्यों की उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं इसमे जीरो टॉलरेंस नीति को फ्लीभूत करने क्रेडा सीईओ श्री राजेश सिंह राणा द्वारा सतत् रूप से बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना ,सौर सुजला योजना, इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत स्थापित सोलर संयंत्रों का औचक निरीक्षण किया।

सर्वप्रथम सीईओ क्रेडा द्वारा जिला बिलासपुर के ग्राम लोखण्डी में क्रेडा की पंजीकृत इकाई मेसर्स चौधरी इलेट्रॉनिक्स द्वारा सौर सुजला योजना फेस-09 योजनांतर्गत स्थापित हितग्राही प्रशांत जैन के यहाँ स्थापित 03 एच.पी. सबमर्सिबल सौर पम्प का निरीक्षण किया। इसके उपरांत कोटा विकासखण्ड के ग्राम जाली में क्रेडा की पंजीकृत इकाई मेसर्स स्पेसलीटी प्रोडक्ट द्वारा जल जीवन मिशन फेस-01 अंतर्गत स्थापित सोलर पेयजल संयंत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमे क्रेडा द्वारा स्थापित सोलर पम्प से 36 लोगों के घरों तक पाईप लाईन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में पहुंच रहा है। इसके पश्चात श्री राणा ने कोरबा जिला के पाली विकासखण्ड के ग्राम हारनमुण्डी कदमपारा में क्रेडा की पंजीकृत इकाई मेसर्स स्पेसली प्रोडक्ट द्वारा जल जीवन मिशन फेस-01 अंतर्गत स्थापित सोलर पेयजल संयंत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमे सोलर पम्प कार्यशील पाया गया।

निरीक्षण के दूसरे दिन सीईओ क्रेडा राजेश सिंह राणा द्वारा सरगुजा संभाग के अंबिकापुर एवं सूरजपुर जिले में ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अंतर्गत स्थापित सोलर संयंत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला अंबिकापुर के ग्राम सितकालो में क्रेडा की पंजीकृत इकाई मेसर्स दुर्गेश सोलर द्वारा स्थापित 08 किलोवॉट ऑफ ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट का निरीक्षण कर पाया कि उक्त संयंत्र के माध्यम से आर.व्ही. विलेजों में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

क्रेडा सीईओ श्री राजेश सिंह राणा ने बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग में सोलर संयंत्रों के निरीक्षण उपरांत वहाँ उपस्थित क्रेडा के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप सोलर संयंत्रों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करें।

## स्टेट बार एसोसिएशन के चुनाव की प्रक्रिया शुरू

### वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने दाखिल किया पहला नामांकन



**राजनांदगांव 02 अगस्त।** स्टेट बार एसोसिएशन के बहु प्रतीक्षित चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज नामांकन का पहला दिन था और नामांकन के पहले दिन ही पहला नामांकन प्रदेश के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने दाखिल किया। श्री तिवारी इससे पहले भी स्टेट बार काउंसिल के मेंबर रह चुके हैं और वे अधिमान्यता समिति के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हित के लिए अनेक कार्य किए हैं जिसमें अधिवक्ता कल्याण निधि में इजाफा प्रमुख है। मुख्यतः वकालत पृष्ठभूमि के श्री तिवारी के पिता प्रभात तिवारी भी बिलासपुर उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे हैं। वे अधिवक्ताओं के हित के लिए सदैव संघर्षरत रहे हैं। श्री तिवारी के नामांकन दाखिले से माना जा रहा है कि एक बार फिर वे प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित के लिए स्टेट बार काउंसिल में दमदारी पूर्वक पक्ष रखेंगे। श्री तिवारी राजनांदगांव जिला अधिवक्ता संघ के साथ-साथ उच्च न्यायालय बिलासपुर के भी वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। बहरहाल स्टेट बार काउंसिल का चुनाव 30 सितंबर 2025 मंगलवार को मां दुर्गा महाअष्टमी के दिन होना है और इस चुनाव में प्रथम वरीयता का वोट महत्व रखता है। प्रथम वरीयता के बाद द्वितीय वरीयता के वोटो की गिनती होती है।

## संपादकीय

### सियासत की सरहदें और लोकतंत्र की कसौटी

भारत की राजनीति इन दिनों अंदर और बाहर, दोनों मोर्चों पर परीक्षाओं से गुजर रही है। एक ओर अमेरिका से व्यापारिक तनाव ने देश की विदेश नीति को झकझोरा है, तो दूसरी ओर बिहार जैसे राज्यों में मतदाता सूची संशोधन और छत्तीसगढ़ में जबरन धर्मांतरण जैसे गंभीर आरोपों ने आंतरिक राजनीति की संवेदनशीलता को उजागर कर दिया है। लोकतंत्र में राजनीतिक निर्णय केवल आंकड़ों और चुनावी रणनीतियों से नहीं चलते—वे विश्वास, पारदर्शिता और न्याय की बुनियाद पर टिके होते हैं। मतदाता सूची में संशोधन का कार्य यदि निष्पक्ष और पारदर्शी न हो, तो यह लाखों लोगों को उनके मौलिक अधिकार से वंचित कर सकता है। इसी तरह, जब धार्मिक आस्था को राजनीति का औजार बनाया जाता है, तो उसका सबसे गहरा प्रभाव समाज के सबसे कमजोर वर्गों पर पड़ता है। अब समय है कि सियासत 'तत्काल लाभ' की सोच से बाहर निकले और दीर्घकालिक सामाजिक विश्वास की ओर बढ़े। विदेश नीति में ठहराव और आंतरिक मामलों में सहिष्णुता—इन्हीं दो पटरियों पर चलकर लोकतंत्र की गाड़ी सही दिशा में आगे बढ़ सकती है

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। दांपत्य जीवन में खुशहाली आएगी और आप राजनीति की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। आप अपने बिजनेस में कुछ नए लोगों को शामिल करेंगे। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी। आपकी अच्छी सोच से आपके काफी काम बनेंगे। नेतृत्व क्षमता को बल मिलेगा। आपको किसी पुरानी छोड़ी हुई नौकरी का ऑफर आ सकता है। आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्याग कर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी काम में उसके नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको थोड़ा धैर्य रखकर कामों को करना बेहतर रहेगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप थोड़ा सा धैर्य बनाए रखें। आप किसी के बहकावे में आकर कोई बड़ा जोखिम न लें, नहीं तो बाद में यह आपके लिए समस्या बन सकता है और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में किसी पूजा पाठ का आयोजन होने से परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए कला व कौशल में सुधार लेकर आएगा। घर में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। भावनात्मक मामले बेहतर रहेंगे। आप अपनी बुद्धि का प्रयोग करके हर बड़ी मुश्किल से आसानी से निकल सकते हैं। जीवन साथी से यदि आपकी किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आप उन्हें दूर करने की कोशिश करें। आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। यदि आप कमीशन का काम करते हैं, तो आपको कोई अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। बिना सोचे समझे आप कोई बात किसी से ना कहे।

**कर्क** आज आपके मन में परस्पर सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लेकर आएंगे। आप अपने खर्चों को करने में सोच विचार नहीं करेंगे, जिससे आने वाले समय में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। संतान को पढ़ाई लिखाई के लिए आप कहीं बाहर भेज सकते हैं। आप दूसरों की कहीं सुनी बातों पर भरोसा न करें और यदि आपका कोई कानूनी मामला लटका हुआ था, तो उसके लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप भाईचारे को बढ़ावा देंगे। आपको किसी पैत्रक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती हैं। आप कुछ अनजान लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे। आप अपने आलस्य के कारण कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। आप किसी काम को लेकर कोई जरूरी जानकारी जुटा सकते हैं। विद्यार्थी अपने विषयों में कोई बदलाव कर सकते हैं। आप अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को दूर करने की कोशिश करें।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। परिवार में चल रही समस्या दूर होंगी और सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय खास रहेगा। आप पढ़ाई लिखाई पर पूरा फोकस बनाने की कोशिश करेंगे, जिससे आपको एक अच्छा मुकाम हासिल होगा। आपका कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी और उनके विवाह की बात पक्की हो सकती है। आपकी किसी बात को लेकर माताजी आपसे नाराज हो सकती हैं। यदि ऐसा हो, तो आप उन्हें मनाने की पूरी कोशिश करें।

**तुला** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपनी खुशियां परिवार के सदस्यों से साझा करेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को नया काम ना मिलने से थोड़ी टेंशन बनी रहेगी। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। आपको अपने कामों में तालमेल बनाकर चलना होगा। आपके मित्रों की संख्या में इजाफा होगा।

**वृश्चिक** आपके लिए धन संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। आपका कोई नुकसान हो सकता है और आप अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही न करें। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। एक साथ आपको काफी काम हाथ लग सकते हैं।

**धनु** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपकी कला व कौशल में सुधार आएगा। आपके बॉस भी आपके काम से काफी खुश रहेंगे। आपके प्रमोशन की बात आगे बढ़ सकती हैं। सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों के साथ-साथ बचत पर भी पूरा ध्यान देंगे। सामाजिक कार्यक्रम में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, वहां आपके कुछ विरोधी हो सकते हैं, जो आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

**मकर** आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य को बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपने करियर को लेकर कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। आपको किसी काम में उसके नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको बेवजह के कामों मे पड़ने से नुकसान हो सकता है। आपको संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकते है। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करेंगे। आप किसी प्रॉपर्टी के काम की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। आपके किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने की संभावना है। आपका चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको धार्मिक गतिविधियों से जुड़ने का मौका मिलेगा। व्यापार में आपको अच्छा उछाल देखने को मिल सकता है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेना नुकसान दे सकता है। आपको अपनी सोच व समझदारी से ही कामों को करना होगा और आप अपनी वाणी पर संयम रखे, नहीं तो बेवजह के लड़ाई झगड़े खड़े हो सकते हैं। किसी विपरीत परिस्थिति में आप धैर्य बनाए रखें और आपको कुछ नए लोगों से मेलजोल थोड़ा सोच समझ कर बढ़ाना होगा।

चर्चित मुद्दा

# निठारी कांड- न्यायपालिका ने भी तोड़ दी न्याय की अंतिम आस!

**मनोज कुमार अग्रवाल**



सन 2006 में यूपी के ग्रेटर नोएडा जिले मे एक के बाद एक दो दर्जन बच्चों और किशोरों के अचानक लापता होने के बाद एक सदी का सबसे सनसनीखेज खुलासा किया गया था जिसमें एक कोठी के रहने वाले रईसजादे उधमी और उसके केयर टेकर नौकर पर बहला फुसला कर बच्चों किशोरों को कोठी में बुला कर कत्ल करने का इल्जाम लगाया गया। नोएडा के निठारी गांव में जब एक के बाद एक बच्चों के कंकाल और अवशेष मिले थे, तो पूरा देश सन्न रह गया था. कोठी में रहने वाले मोनिंदर सिंह पंढेर और उसका नौकर सुरेंद्र कोली इस सनसनीखेज नरसंहार के आरोपी थे. कोर्ट से उन्हें फांसी की सजा भी सुनाई गई थी. लेकिन साल 2023 में हाई कोर्ट ने इस पूरे मामले को नया मोड दे दिया. मोनिंदर सिंह पंढेर को निठारी कांड से जुड़े सभी मामलों से बरी कर दिया गया. इसके बाद उसका नौकर सुरेंद्र कोली भी एक बाद एक मामलों में बरी होता गया. अब वो महज एक मामले में जेल में बंद है. जिसमें उसे जल्दी राहत मिल सकती है।अब फिर वही बड़ा सवाल है कि अगर ये दोनों निर्दोष हैं तो फिर निठारी कांड का जिम्मेदार कौन है?देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसियां 16 मासूमों के असली कातिल को पकड़ने में नाकाम क्यों रहीं? या पकड़ ने के बावजूद अभियोजन में ऐसी विसंगतियां जानबूझकर छोड़ दी गयी जो अभियुक्तों के बचाव में सहायक बन गयी? जो भी हो न्याय की तलाश में उन्नीस साल तक अदालत की चौखट पर टकटकी लगा कर बैठे उन अभागे अभिभावकों को गहरा धक्का लगा है जिनके निर्दोष बच्चों को कत्ल कर उनके शरीर के अंग खूनी कोठी के पिछवाड़े नाले में फेंक दिए गए थे। आपकों बता दें कि निठारी में साल 2006 में जब बच्चों के शवों के टुकड़े नाले से बरामद हुए थे, तो पूरा देश सन्न रह गया था. सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर इस वीभत्स कांड के मुख्य आरोपी बनाए गए. लेकिन सालों चली सुनवाई के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया. केस में कई बुनियादी खामियां रहीं – जैसे फॉरेंसिक साक्ष्य की कमी, पुलिस कस्टडी में दिए इकबालिया बयानों का बिना पुष्टि कोर्ट में पेश किया जाना और अहम सबूतों की गुमशुदगी. इन सब बातों ने पूरे केस की नींव ही हिला दी. हाल ही में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा, जिसमें कहा गया था कि अभियोजन पक्ष कोली और पंढेर के खिलाफ 'उचित संदेह से परे' अपराध साबित करने में विफल रहा. जांच में मिली चिप, जिस पर कोली के कबूलनामे का वीडियो था, वह पेश ही नहीं की गई. ना ही उस बयान पर कोली के दस्तखत थे. कोर्ट ने पाया कि जांच एजेंसी ने आपराधिक केस के बुनियादी नियमों की भी अनदेखी की.पुलिस की सबसे बड़ी चूक थी – फॉरेंसिक एविडेंस और प्रत्यक्षदर्शी गवाहों का न होना। डी-5 कोठी से ना खून के निशान मिले, ना शवों के अवशेष. सीमन के सैंपल तक कोली से मैच नहीं हुए. यहां तक कि कोली के 'आदमखोर' होने का भी कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं मिला. शवों को बाथरूम में रखने, काटने, गाड़ने और पकाने जैसी बातें सिर्फ पुलिस कस्टडी में दिए उसके बयानों तक ही सीमित रहीं जिनकी पुष्टि कहीं नहीं हुई. यह सवाल अब भी अब एक रहस्य बन गया है कि अगर कोली भी बरी हो जाएगा, तो वो कौन था जिसने 16 बच्चों को नृशंसता से मारा? कोर्ट ने यहां तक कहा कि इस केस को एक गरीब नौकर पर जबरन मढ़ा गया. कोर्ट ने कहा कि अंगों की तस्करी के एंगल की कभी जांच ही नहीं हुई. डी-5 कोठी के मालिक की भूमिका तक की जांच नहीं की गई, जबकि वह पहले से ही किडनी स्कैम मामले में आरोपी था. क्या हत्याएं किसी और ने की और एजेंसियों ने असली कातिल को छोड़ दिया? कोर्ट ने यह भी कहा कि ना तो हत्या के लिए कोई हथियार मिला, ना कोई गवाह, ना कोई हत्या के पीछे का मकसद. यही कारण है कि पंढेर को बरी कर दिया गया और सुरेंद्र कोली को भी राहत मिल गई है. पुलिस की शुरुआती जांच में पंढेर और कोली को बराबर का गुनाहगार बताया गया. पर बाद में पंढेर को धीरे-धीरे क्लीनचिट मिली गई और सारा आरोप कोली पर आ गया. कोली की कानूनी मदद नहीं की गई. मेडिकल जांच भी अधूरी रह गई और उसे लंबे समय तक पुलिस रिमांड में रखा गया।

कोली के बयानों के अनुसार उसने शवों के टुकड़ों को पॉलीथिन में डालकर नाले में फेंका और कुछ को जमीन में दबाया था . लेकिन जमीन की खुदाई में कुछ नहीं मिला. न ही किसी शव की पहचान डीएनए से करवाई गई. जांच एजेंसी यह भी साबित नहीं कर पाई कि कोठी के अंदर हत्याएं हुईं. कोर्ट ने कहा – 'ना तो हत्या के लिए कोई हथियार मिला, ना कोई गवाह, ना कोई मकसद.' यही कारण है कि पंढेर को बरी कर दिया गया और अब कोली को भी राहत मिल गई है. कोर्ट ने इस बात पर भी चिंता जताई कि कोली को अकेले दोषी ठहराने की जल्दबाजी क्यों की गई. शुरुआत में पंढेर और कोली को बराबर का गुनहगार बताया गया, पर बाद में पंढेर को धीरे-धीरे क्लीनचिट मिलती गई और सारा आरोप कोली पर आ गया. कोली की कानूनी मदद नहीं की गई, मेडिकल जांच भी अधूरी रही और उसे लंबे समय तक पुलिस रिमांड में रखा गया. क्या ये सब एक साजिश का हिस्सा था? निठारी केस की जांच से जुड़ा एक और पहलू था – ऑर्गन ट्रैफिकिंग का. कोर्ट ने कहा कि इस पहलू की जांच कभी गंभीरता से नहीं की गई. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तक ने इस दिशा में जांच की मांग की थी. लेकिन सीबीआई ने डी-5 कोठी के मालिक से पूछताछ तक नहीं की. क्या ये केस सिर्फ 'बलात्कार और हत्या' की कहानी थी या इसके पीछे कोई बड़ा और संगठित गिरोह काम कर रहा था? गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट ने कोली को 12 मामलों में और पंढेर को 2 मामलों में फांसी की सजा दी. लेकिन हाई कोर्ट ने सबूतों के अभाव में ये सभी सजाएं खारिज कर दीं. आखिर एक ही केस में दो अदालतों की राय इतनी अलग कैसे हो सकती है? हाई कोर्ट के मुताबिक ये केस पुलिस और सीबीआई की लापरवाही का नमूना बन चुका है. जो चिप सबसे अहम सबूत थी, वही गायब कर दी गई. इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद मोनिंदर सिंह पंढेर साल 2023 में रिहा हो गया था. लेकिन कोली की एक अपील सुप्रीम कोर्ट में लंबित है. रिंपा हलधर केस में उसे पहले फांसी और फिर उम्रकैद हुई थी. अगर उस केस में भी बरी हो गया तो वो भी बाहर आ सकता है. यह दिखाता है कि कैसे सिस्टम में गड़बड़ियों की वजह से सबसे गंभीर मामले भी 'नतीजा विहीन' रह जाते हैं.

अब यह सवाल देश की जांच एजेंसियों और न्यायपालिका पर कलंक लगा रहा है कि आखिर देश को हिला देने वाला निठारी कांड अब कानून की नजर में अनसुलझा कैसे बन गया . आरोपी अभियुक्त पंढेर बाहर है, कोली एक मामले में जेल में है, बाकी सभी केसों से बरी हो चुका है. लेकिन जिन 16 बच्चों के शव नाले से मिले थे, उनका गुनहगार कौन है? अगर पुलिस और सीबीआई की जांच सही नहीं थी, तो क्या किसी और ने हत्याएं की थीं? यदि हमारी पुलिस और सीबीआई जैसी विश्वसनीय जांच एजेंसी सोलह बच्चों के कातिल दरिंदों को फांसी के तख्ते तक पहुंचाने में नाकाम रहती है तो क्या यह उनकी विश्वसनीयता पर बदनुमा दाग नहीं है। देश की सबसे बड़ी अदालत यदि पुलिस और जांच एजेंसियों के स्तर पर लापरवाही और सबूत जुटाने या पेश करने मे लापरवाही भरी असफलता की बात कहती है तो अदालत को न्याय की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए इस बड़ी जघन्य निर्मम हत्याओं से जुड़े मामले की नए सिरे से जांच करानी चाहिए। क्या अशिक्षित साधनहीन गरीब कामगार लोगों को उनके मासूम बच्चों की निर्मम हत्या के दोषियों को सजा दिलाने और न्याय पाने का अधिकार नहीं है? यदि गरीबों को न्याय देने में हमारी व्यवस्था और न्यायपालिका अक्षम है तो इस समूचे तंत्र की क्या उपयोगिता है?

# भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड कहना क्या ट्रंप की ट्रेड डील की पैतरेबाज़ी है?

**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर विश्वबैंक आईएमएफ सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसीयों ने हर बार अपनी रिपोट्र्स में भारत को विश्व की सबसे अधिक उभरती हुई अर्थव्यवस्था बताया है,तथा भारत की आंतरिक एजेंसियां भी हर बार सकारात्मक भारत की रिपोर्टिंग देती है।अभी पासपोर्ट सूचकांक में भी भारत ने छलांग लगाई है, परंतु फिर भी अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर 25 पेर्सेंट टैरिफ़ प्लस पेनल्टी टैरिफ को 1 अगस्त 2025 से लागू कर देने के बावजूद बयान देना कि भारत व सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था दोनों मिलकर अपनी डेड इकोनॉमी की ओर नीचे गिर सकते हैं। इस तरह का बयान सोचनीय है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि,चूँकि भारत किसी भी बात पर अमेरिका के टैरिफ पैतरेबाजी से डील में उनकी मर्जी से फिट नहीं हो रहा है, तथा अन्य बड़े-बड़े देशों के उनके सामने झुकने के बावजूद भारत किसी अड़सट्टे में नहीं आ रहा है, और ना ही, किसी टैरिफ धमकी के दबाव में आ रहा है, बल्कि दो कदम आगे बढ़कर दिनांक 31 जुलाई 2025 को देर शाम तक चली ससंद कार्यवाही में वाणिज्य मंत्री महोदय ने साफ-साफ कह दिया कि उनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है, हम उसको ध्यान में रखते हुए निर्णय लेंगे। बता दें वैसे भी भारत अमेरिका से कम समान बुलाता है, तथा भेजता अधिक है, तो उन सेक्टर में जैसे फार्मा, प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक, कृषि सहित कुछ क्षेत्रों पर फर्क पड़ने की संभावना जरूर है, परंतु इन क्षेत्रों को सपोर्ट करने भारत की कुछ नीतियां रणनीतियां बनाने पर शायद कार्य शुरू हो चुका होगा। परंतु संसद परिसर में 31 जुलाई 2025 को ही विपक्ष के नेता का बयान देकर ट्रंप द्वारा कहे गए शब्दों क़ा सपोर्ट करते देखे गए जो उचित नहीं है, क्योंकि फैक्ट्स बता रहे हैं कि 2014 में इकोनॉमी 11वे नंबर से 2025 में चौथे नंबर तक पहुंच चुकी है।जीडीपी 2024- 25 में 6.5 पेर्सेंट यूपीडी ट्रांजेक्शन 17200 करोड़ और महंगाई पर 2004-2014 में 8.2 पेर्सेंट से 2015-2025 में 5 पेर्सेंट तक लाना यह आंकड़े दिखा रहे हैं कि वाकई विश्व बैंक तथा आईएमएफ का आंकलन सही है, वाकई यह बयान एक डील की पैतरेबाजी हो सकती है। परंतु भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ चुका है, व अमेरिका की दबाव नीति में आने की संभावना कम है,इसलिए आज हममीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप की टैरिफ दबाव नीति से भारत झुकेगा नहीं, संसद में वाणिज्यमंत्री की हुंकार राष्ट्र हित सर्वोपरि।

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारतीय इकोनॉमी को डेड कहना व इसके एनकाउंटर में हमारे तथ्यों की करें तो,ट्रंप का यह पोस्ट भारत पर 25 फीसदी टैरिफ ऐलान के बाद आया है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या-क्या करता है, लेकिन वे दोनों मिलकर अपनी 'डेड इकोनॉमी' को और नीचे गिरा सकते हैं। अमेरिकी एक्सपर्ट डेलरिम्पल ने गुरुवार को कहा कि वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था 'डेड' होने से कोसों दूर है,बल्कि पिछले साल अमेरिका की तुलना में दोगुनी तेजी से बढ़ी है और इस साल अमेरिका की तुलना में तीन गुना तेजी से बढ़ने का अनुमान है, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के नए वर्ल्ड इकोनॉमिक आंकड़ा डेलरिम्पल की बातों को सपोर्ट करता है।आईएमफ के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था 2025 और 2026 दोनों में 6.4 पेर्सेंट की दर से बढ़ने का अनुमान है,जबकि अमेरिका की इकोनॉमी ग्रोथ 1.9 पेर्सेंट और 2 पेर्सेंट रहने का अनुमान है। कैलेंडर वर्ष के दौरान भारत के 2025 में 6.7 पेर्सेंट की ग्रोथ होने का अनुमान है। आईएमफ के अनुसंधान विभाग के प्रमुख डेनिज इगन ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि वास्तव में हमारी ग्रोथ दर काफी स्थिर है। संशोधित भारतीय अनुमानों में अप्रैल के अपडेट की तुलना में 2025 के लिए 0.2 प्रतिशत अंकों की ग्रोथ और 2026 के लिए 0.1 प्रतिशत अंकों की ग्रोथ दर्ज की गई है। इसके विपरीत ग्लोबल अर्थव्यवस्था के 2025 के दौरान 3 पेर्सेंट की रेट से बढ़ने का अनुमान है, जबकि अमेरिका समेत विकसि"त अर्थव्यवस्थाओं की ग्रोथ रेट 2 फीसदी से नीचे रहने का अनुमान है,चीन की ग्रोथ रेट 4.8 फीसदी रहने का अनुमान है। गौरतलब है कि बुधवार को ट्रंप ने भारत से आयात पर आने वाली सभी वस्तुओ पर 25 पर्सेंट टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, साथ ही रूसी कच्चे तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद पर नराजगी जाहिर करते हुए जुर्माना लागने की बात कही, ट्रंप ने कहा, 'भारत में किसी भी देश की तुलना में सबसे कठोर और अप्रिय गैर-मौद्रिक व्यापार अवरोध हैं.' उन्होंने भारत के टैरिफ को दुनियाँ में सबसे ज्यादा बताया है। साथियों बात अगर हम टैरिफ़ व डेड इकोनामी का मुद्दा 31 जुलाई 2025 को संसद में उठने व वाणिज्य मंत्री द्वारा देर शाम इसपर जवाब देने की करें तो,अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ का मुद्दा गुरुवार को संसद में उठा, लोकसभा में हंगामे के बीच वाणिज्य मंत्री ने सदन से अमेरिका को जवाब दिया, उन्होंने कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ के असर पर सरकार नजर रखे हुए है, किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों समेत उद्योग जगत के सभी हितधारकों के कल्याण पर सरकार की नजर है, इसके लिए जो भी जरूरी होगा, कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत मात्र एक दशक से भी कम समय में दुनिया की सबसे तेजी बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। हम अपने रिफॉर्म, किसानों, एमएसएमई और उद्यमियों की कड़ी मेहनत से 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से टॉप-5 में आ गए हैं, हम कुछ ही सालों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे, आज अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं और अर्थशास्त्री भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक ब्राइट स्पॉट के रूप में देखते हैं। भारत वैश्विक विकास में लगभग 16 पर्सेंट का विकास दे रहा है।उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने 2 अप्रैल 2025 को पारस्परिक टैरिफ पर एक एग्जिक्यूटिव ऑर्डर जारी किया था, इसमें व्यापारिक साझेदारों से आयात पर 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक एडिशनल ड्यूटी लगाने की बात कही गई थी, 10 पर्सेंट की बेसलाइन ड्यूटी 5 अप्रैल 2025 से लागू हो गई। भारत पर कुल 26 पर्सेंट टैरिफ की घोषणा की गई थी।यह टैरिफ 9 अप्रैल से प्रभावी होना था, लेकिन 10 अप्रैल को इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया, बाद में ये स्थगन 1 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो टैरिफ की घोषणा की है, सरकार उसके असर का परीक्षण कर रही है, वाणिज्य मंत्रालय सभी स्टेकहोल्डर्स से बात करके इसके असर का आकलन कर रहा है। सरकार सभी पक्षों के कल्याण को सर्वोच्च महत्व देती है। राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने के लिए हम आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका ने मार्च 2025 में एक न्यायपूर्ण, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते बीटीए के लिए बातचीत शुरू की थी, इसका टारगेट अक्टूबर-नवंबर 2025 से समझौते के पहले चरण को पूरा करना था। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने 29 मार्च 2025 को दिल्ली में आयोजित पहली मीटिंग के दौरान द्विपक्षीय समझौते की बातचीत को अंतिम रूप दिया था, उन्होंने बताया कि नई दिल्ली और वॉशिंगटन में दोनों पक्षों के बीच चार दौर की बैठक हो चुकी हैं, दोनों पक्षों के बीच कई वर्चुअल बैठकें भी हो चुकी हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दुनियाँ की सबसे तेज़ गति से बढ़ने वाली भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड कहना क्या ट्रंप की ट्रेड डील की पैतरेबाज़ी है?ट्रंप की टैरिफ दबाव नीति क़े आगे भारत झुकेगा नहीं- संसद में वाणिज्य मंत्री की हुंकार राष्ट्रहित सर्वोपरि विश्वबैंक आईएमएफ सहित दुनियाँ की दिग्गज रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्ट में भारत विश्व की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, फिर भी ट्रंप द्वारा मृत अर्थव्यवस्था करार देना सरासर अनुचित है।

# वैश्विक बाजार में भारत पर बढ़ता भरोसा

**सुयश शुक्ला**



"खुल जाएँगे सभी रास्ते, तू रुकावटों से लड़ तो सही... सब कुछ होगा हासिल, तू अपनी ज़िद पर अड़ तो सही..." — आज भारत इसी अडिग जज़्बे, आत्मविश्वास और रणनीतिक दूरदृष्टि के साथ वैश्विक पटल पर अपनी आर्थिक मौजूदगी को न केवल सशक्त कर रहा है, बल्कि कई अर्थव्यवस्थाओं के लिए मार्गदर्शक भी बन चुका है। ऐसे समय में जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत को "Dead Economy" कहने का हास्यास्पद प्रयास करते हैं, तो यह टिप्पणी भारत की वास्तविक स्थिति पर नहीं, बल्कि ट्रम्प की खुद की बौखलाहट और हताशा पर अधिक सटीक बैठती है। भारत अब केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक निवेश, निर्माण और नवाचार का केन्द्र बन गया है। IMF और विश्व बैंक की ताज़ा रिपोट्र्स भारत को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था घोषित कर चुकी हैं, और 2030 तक इसे तीसरे स्थान तक पहुँचने का अनुमान लगाया गया है। ऐसे में "डेड" कहने वाला बयान खुद उस मानसिक दरिद्रता का सूचक है जो भारत की शक्ति को स्वीकार करने से डरती है। आज भारत में न केवल तकनीकी नवाचार हो रहे हैं, बल्कि वैश्विक कंपनियाँ यहां अपने दीर्घकालिक भविष्य की संभावनाएँ देख रही हैं। टेस्ला से लेकर ऐप्पल तक, गूगल से लेकर अमेज़न तक — हर बड़ी कंपनी भारत में उत्पादन, शोध और बिक्री के लिए निवेश बढ़ा रही है। 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी योजनाओं ने देश को तकनीकी आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया है।

**ट्रम्प की हताशा, भारत की बुलंद हकीकत**



ट्रम्प की ही रियल एस्टेट परियोजना इसका ठोस प्रमाण है। मुंबई स्थित ट्रम्प टॉवर में एक फ्लैट ₹125 करोड़ में बिका और पूरी परियोजना से ₹3200 करोड़ का राजस्व अर्जित हुआ — यह दिखाता है कि भारत का प्रीमियम उपभोक्ता वर्ग अब विश्वस्तरीय उत्पादों और सेवाओं को न केवल पसंद करता है, बल्कि उन्हें वहन करने की सामर्थ्य भी रखता है।

आज भारत ब्रेन ड्रेन नहीं, बल्कि ब्रेन गेन के युग में प्रवेश कर रहा है। जहां पहले देश का प्रतिभाशाली युवा विदेश में अपना भविष्य तलाशता था, अब वह भारत में ही संभावनाएं देख रहा है। नीति, स्थिरता और अवसर — इन तीन स्तंभों पर भारत की अर्थव्यवस्था मज़बूती से खड़ी है। ट्रम्प जैसे नेताओं की असहजता स्वाभाविक है, क्योंकि भारत अब किसी की छाया में नहीं, बल्कि अपनी रोशनी में चल रहा है। वह न तो किसी के बाजार पर निर्भर है, न ही किसी की अनुमति का मोहताज। भारत की यह स्थिति असहज करने वाली अवश्य हो सकती है, विशेष रूप से उनके लिए जो दशकों तक विश्व को निर्देश देते रहे। इसलिए जब ट्रम्प "Dead Economy" कहते हैं, तो दरअसल वे अपने ही शब्दों में यह स्वीकार करते हैं कि भारत अब अनदेखा करने लायक नहीं रहा। चाहे इसे Dead कहें या Dad Economy — आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए संरक्षक, प्रेरक और अनिवार्य बन चुका है। यह सदी भारत की है — और यह भविष्य भी तय कर रहा है। भारत अब केवल उभरता नहीं, दुनिया को उभारता है।

## सू-दोकू 128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.127 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## एक नजर

### खरसिया ब्लॉक में हुआ वृहत वृक्षारोपण



**रायगढ़, 2 अगस्त।** रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने हेतु आज विशेष वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस पहल के तहत ग्राम पंचायत जोबी में 500 और ग्राम पंचायत नावापारा पश्चिम के चारागाह में 480 पौधों का रोपण कर प्रधानमंत्री आवास वाटिका का निर्माण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, पंच, सरपंच, श्री रविन्द्र गबेल, श्री महेश साहू, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा भी वृक्षारोपण करते हुए आवास वाटिका का निर्माण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य कर समय पर आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों का उन्मुखीकरण किया गया और उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को पौधों के संरक्षण, देखभाल तथा वाटिका के महत्व के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।इस दौरान एसडीएम खरसिया श्री प्रवीण तिवारी, श्री पवन पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खरसिया, श्री अमित मांझी कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, पद्मलोचन सिदार ब्लाक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास शाखा, श्री हेमन्त उरांव समन्यक एस.बी.एम तथा समस्त तकनीकी सहायक पंचायत सचिव ग्राम रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे।

### रैम्प योजना के तहत उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

**महासमुंद, 2 अगस्त।** जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रैम्प योजना अंतर्गत उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण होटल में किया गया। यह कार्यक्रम एमएसएमई योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बैंकिंग और वित्तीय सहायता से जोड़ना है।कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक, उद्योग संचालनालय श्री शिव कुमार राठौर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में जिले के दर्जनों उद्यमियों के साथ-साथ पीएमएफएमई व पीएमईजीपी योजना के लाभार्थियों ने भी सहभागिता की। संयुक्त संचालक श्री राठौर ने कार्यक्रम में औद्योगिक विकास नीति 2024-30 की प्रमुख बातें साझा करते हुए उद्यमियों के विभिन्न शंकाओं का समाधान किया और उन्हें विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया।

### युक्तियुक्तकरण से ग्रामीणों में खुशी पालकों की चिंता भी हुई दूर

**रायपुर, 1 अगस्त ।** शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से विकासखंड मोहला के शासकीय प्राथमिक शाला आमाडुला जो लंबे समय से शिक्षकों के अभाव से जूझ रहा था, में अब दो शिक्षकों की पदस्थापना होने से इस शिक्षक विहीन विद्यालय की रौनक फिर से लौटी है, विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा मिली हैं। ग्राम आमाडुला गांव के इस विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवीं तक के लगभग 52 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, युक्तियुक्तकरण नीति के पूर्व सत्र में विद्यालय शिक्षक विहीन हो चुका था। शिक्षक न होने की वजह से बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही थी। बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिक्षक नियुक्ति की मांग की थी। लेकिन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की महत्वकांक्षी पहल युक्तियुक्तकरण ने ग्रामीणों की चिंता दूर कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण के तहत अब इस विद्यालय में दो शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। शासन की इस सार्थक प्रयास ने जिन विद्यालयों में लंबे समय से शिक्षक नहीं थे, उन सुदूर अंचलों में शिक्षा की रोशनी पहुंचाने का कार्य किया है। विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति से बच्चों में पढ़ाई को लेकर उत्साह देखा जा रहा हैं। वहीं ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही हैं, साथ ही पालकों में अपने बच्चों के भविष्य को लेकर जो चिंता थी वह दूर हो चुकी हैं। शिक्षकों की पदस्थापना से शिक्षा के प्रति बच्चों की रुचि बढ़ी है, वही शाला की उपस्थिति दर में सकारात्मक सुधार भी देखा जा रहा हैं।

### जिले के 156 श्रमिकों को मिली विभिन्न योजनाओं का लाभ

**महासमुंद, 2 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत महासमुंद जिले के 156 श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत कुल 24 लाख 76 हजार रूपए की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। श्रम विभाग से मिली जानकारी अनुसार योजनावार मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत 28 हितग्राहियों को 5 लाख 60 हजार रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 36 हितग्राहियों को 63 हजार, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत 1 हितग्राही को 2 लाख रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 11 हितग्राहियों को 11 लाख, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत 23 हितग्राहियों को 4 लाख 60 हजार एवं निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक-कॉपी सहायता योजना अंतर्गत 57 हितग्राहियों को 93 हजार रुपए की राशि से लाभान्वित किया गया हैं।श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाएं पूर्णतः निःशुल्क हैं।

# मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से की मुलाकात



**रायपुर, 2 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान राज्य की महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं, विशेषकर बस्तर क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित बोधघाट बहुद्देशीय परियोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री श्री सी आर पाटिल को अवगत कराया कि बोधघाट परियोजना बस्तर की सिंचाई, पेयजल आपूर्ति और ऊर्जा उत्पादन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र दशकों से विकास की मुख्यधारा से पीछे रहा है। वर्तमान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि इस क्षेत्र को नक्सल हिंसा से मुक्त कर आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जाए। उन्होंने बताया कि बस्तर के लिए प्रस्तावित बोधघाट बहुद्देशीय परियोजना से लगभग 8 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई और 125 मेगावाट विद्युत उत्पादन सुनिश्चित किया जा सकेगा।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी बताया कि बस्तर क्षेत्र में अब नक्सल प्रभाव में उल्लेखनीय कमी आई है और विकास कार्यों के लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है। ऐसे में बोधघाट जैसी परियोजनाएं इस क्षेत्र को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में निर्माण संबंधी आवश्यक पहल करने के विषय में विस्तार से चर्चा की।केंद्रीय जलशक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए परियोजना से संबंधित प्रस्तावों का शीघ्र तकनीकी परीक्षण कराने का आश्वासन दिया।मुख्यमंत्री श्री साय ने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार के सहयोग से बोधघाट परियोजना शीघ्र साकार रूप लेगी और यह बस्तर की आर्थिक उन्नति और सामाजिक बदलाव का प्रमुख आधार बनेगी।

## प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 3 अगस्त को, निर्देश जारी

**रायगढ़, 2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 3 अगस्त 2025 को प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ श्री प्रवीण भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 अगस्त को होने जा रही प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा का समय प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा ताकि प्रवेश के दौरान उनकी जांच फ्रिस्किंग एवं सत्यापन कार्य किया जा सके। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रातः 10.30 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा, इसके बाद एंट्री नहीं होगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आबंटित एक पुरूष एवं एक महिला कर्मी से फ्रिस्किंग(जांच) का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा। रायगढ़ जिले में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिले से 6009 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है।

परीक्षा के समय परीक्षार्थियों के लिये जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और फुटवियर के रूप में सिर्फ चप्पल पहनने के निर्देश हैं। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है।

# हायर सेकंडरी भवन नहीं होने से छात्र छात्राओं को, हो रही परेशानी






**छुरिया, 2 अगस्त।** छुरिया ब्लाक के दूरस्थ वनांचल ग्राम करमरी ग्राम छुरिया ब्लाक मुख्यालय से 40 किलो मीटर की दूरी में है , स्कूल चले हम यहां स्लोगन आप सब ने सुना होगा या पढ़ा होगा , लेकिन शिक्षा मंदिर आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव जरुर दिखाई देता है , खासतौर ग्रामीणों क्षेत्रों के स्कूल में आज भी अव्यवस्था आलम है , ऐसा ग्राम करमरी गांव जहां 2003 में जनभागीदारी के माध्यम से हाईस्कूल खोला गया ग्रामीणों के लगातार संघर्ष के चलते भवन निर्माण की स्वीकृति मिली, 2012 में इसका उन्नयन करते हुए हायर सेकंडरी स्कूल दर्जा प्राप्त हुआ ग्रामीणों खुशी का ठिकाना नहीं रहा करमरी के बच्चों एंव आसपास के बच्चों अधिक दूरी तय नहीं करना पड़ेगा बल्कि , गांव में बेहतर पढ़ाई होगी , पढ़ाई तो आज भी बेहतर कहा जा सकता है , लेकिन मूलभूत सुविधाओं काफी अभाव है , छात्र छात्राओं को आज भी स्टोर रुम बैठकर पढ़ाई कर रहे या प्रेक्टिकल रुम में बैठकर पढ़ाई कर रहे , क्लास रुम के अभाव के चलते , छात्र छात्राओं काफी दिक्कत हो रहा है , लगभग करमरी स्कूल में 350 छात्र छात्राओं अध्ययनरत हैं , ब्लाक मुख्यालय के अंतिम छोर में बसे ग्राम करमरी में लगातार , हायर सेकंडरी भवन की लम्बे समय मांग की जारी है लेकिन अब तक के हायर सेकंडरी भवन नहीं बनने से छात्र छात्राओं को तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है एक ही क्लास रुम ,दो सेक्शन लग रहा है ,। जबकि शिक्षा मंदिर सभी सुविधा मुहैया हो इसकी चिंता आवश्यक रुप से होनी चाहिए , लेकिन आज भी मूलभूत सुविधाओं अभाव में करमरी के छात्र छात्राओं को भविष्य संवारने स्टोर रुम प्रेक्टिकल रुम में पढ़ाई करने मजबूर हैं।

## जिले में 770.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़, 2 अगस्त। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 अगस्त तक 770.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 4.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 865.4 मिली मीटर, पुसौर में 798.3, खरसिया में 711.7, घरघोड़ा में 813.7, तमनार में 551.6, लैलूंगा में 700.3, मुकडेगा में 957.9, धरमजयगढ़ में 685.9, छाल में 702.5 एवं कापू में 919.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# जैविक कृषि और पशुपालन से लखपति बन रही ग्रामीण महिलाएं



**रायगढ़, 2 अगस्त।** एक समय था जब गांव की महिलाएं केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, लेकिन अब वे जैविक कृषि, पशुपालन और माइक्रो-उद्यमिता के जरिए लखपति दीदी बनकर नई मिसाल कायम कर रही हैं। यह बदलाव संभव हो पाया है छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) और एन.आर.एल.एम. के सतत प्रयासों से, जिसके अंतर्गत रायगढ़ जिले की 1 लाख 45 हजार 49 महिलाएं 13 हजार 500 स्व-सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं। स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अब गांवों में वित्तीय, सामाजिक और तकनीकी रूप से सशक्त बन रही हैं। समूहों द्वारा न केवल नियमित बचत और ऋण लेन-देन किया जा रहा है,

रायगढ़ जिले के जनपद पुसौर, खरसिया और धरमजयगढ़ के 40-40 कृषि मित्र और पशु सखी चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षण देकर जैविक खेती और पशु पालन के क्षेत्र में कार्यरत किया गया है। कृषि मित्र समूहों को जैविक खाद और जैविक दवा बनाने का प्रशिक्षण देती हैं और स्वयं खेतों में उसका उपयोग कर स्थायी कृषि को बढ़ावा दे रही हैं। इससे उनकी आमदनी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और वे लखपति दीदी के रूप में पहचान बना रही हैं। वहीं, पशु सखी पशुओं के घरेलू उपचार की विधियों से पशु स्वास्थ्य सुधार का कार्य कर रही हैं, जिससे दुग्ध उत्पादन बढ़ा है और पशुपालन लाभदायक बना है। इन महिलाओं ने अपने अनुभवों से यह साबित किया है कि स्वदेशी ज्ञान और आधुनिक प्रशिक्षण का समन्वय ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति ला सकता है। वित्तीय सशक्तिकरण की नई उड़ान वर्ष 2025-26 में अब तक जिले के 1,045 समूहों को 28 करोड़ 37 लाख रुपये की बैंक क्रेडिट लिंकिंग के माध्यम से आजीविका गतिविधियों हेतु वित्त पोषित किया गया है।

## स्कूल टाइमिंग बदलने से नाराज शिक्षिकों ने सौंपा ज्ञापन



**खैरागढ़, 2 जुलाई।** शासन द्वारा विगत कई वर्षों से लगातार शनिवार को शासकीय स्कूलों में बैगलेश डे घोषित किया गया है ।पहले जिसमे प्रातः कालीन शालाएँ संचालित की जा रही है, जो कि बहुत ही उद्देश्य परख एवं कारगर रहा जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को तनाव रहित, भय रहित वातावरण में देश, राज्य, स्थानीय कला एवं संस्कृति परम्पराओं, खेलों विशेष रूप से योग एवं व्यायाम महापुरूषों की जयंती, ऐतिहासिक तिथियाँ, खेल, गीत अभिनय, रोल प्ले, कला कृतियाँ जैसे अन्य विधाओं का प्रदर्शन कर बच्चे अपनी अभिव्यक्ति दे सकें और योग के लिए प्रातः कालीन समय उत्तम माना जाता है। शिक्षा विभाग के नए आदेश के बाद शनिवार सुबह की जगह हाफ टाइम 11 बजे से 4 बजे रखने का आदेश जारी किया गया। जिससे नाराज शिक्षक संघ जिला स्तरीय विरोध जताते हुवे जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुवे आदेश को वापस लेने की मांग किये है।

# योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता : कलेक्टर



**रायगढ़, 2 अगस्त।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने के लिए सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविरों की सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। साथ ही शिविरों में पेयजल, टेंट और विद्युत जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### स्टार्टअप शिविर से युवाओं को मिली नई दिशा

**धमतरी, 2 अगस्त।** जिले के युवाओं को उद्यमिता और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आज कुरूद विकासखंड मुख्यालय स्थित राजा चक्रधर ऑडिटोरियम में ÷उद्यम से विकास÷ श्रृंखला का तीसरा स्टार्टअप शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का शुभारंभ धमतरी कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पहले पहला शिविर धमतरी और दूसरा शिविर मगरलोड विकासखण्ड में आयोजित किया गया था। कलेक्टर श्री मिश्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, का युवा सिर्फ नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि अवसर गढ़ने वाला बन रहा है। स्टार्टअप एक ऐसा माध्यम है जिससे युवा न केवल स्वयं को स्वावलंबी बना सकते हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं।÷

# खाद्य सुरक्षा को लेकर 4 से 6 अगस्त तक चलाया जाएगा विशेष निरीक्षण अभियान

**रायगढ़, 2 अगस्त।** जिले में उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु शासन के निर्देशानुसार बने खाबो बने रहिबो' अभियान चलाया जाएगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा इस विशेष अभियान के तहत होटल, मिठाई दुकान, दूध विक्रेताओं एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में गुणवत्ता की जांच की जाएगी। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर खाद्य सुरक्षा मुहैया कराना है। इसे लेकर विभाग द्वारा शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी 04 से 06 अगस्त 2025 तक व्यापक स्तर पर निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण दल द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाएंगे, उनके निर्माण, भंडारण, उपयोग की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं लेबलिंग की गहन जांच की जाएगी।

### निरीक्षण के दौरान इन बिंदुओं पर होगी जांच

निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा खाद्य रंगो की जांच, खाद्य पदार्थ परोसने में अखबारी कागज का प्रयोग नहीं करने का निर्देश, खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग मैटेरियल, उपयोग किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता एवं जांच, खाद्य पदार्थों के निर्माण किए जाने वाले तेल की गुणवत्ता, कच्ची सामग्री के रूप में एफएसएसएआई मार्क वाले खाद्य पदार्थ का उपयोग, भंडारित खाद्य पदार्थ का बेस्ट बिफोर/एक्सपायरी तिथि की जांच, फूड हैंडलिंग में संलग्न व्यक्तियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ स्वच्छ एपरॉन, हैंड ग्लब्स का उपयोग, मेडिकल फिटनेस, परिसर की स्वच्छता, साफ-सुथरा किचन एवं वातावरण, नैपकिन का प्रयोग, साफ सुथरा बर्तन का उपयोग की जांच की जाएगी। जिला प्रशासन ने व्यवसायियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और मिलावटी, बासी या प्रतिबंधित रसायनों के प्रयोग से बचें। बता दें कि इस अभियान के जरिए खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं आमजनता में खाद्य सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता आएगी। खाद्य कारोबार के संचालन में बेहतर कार्य प्रणाली का विकास होगा।

**15 अगस्त तक तीन चरणों में होगा आयोजन**

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**रायपुर, 2 अगस्त ।** देशभर की तरह छत्तीसगढ़ में भी 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन 02 से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि आमजन में देशभक्ति की भावना का विकास हो और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' थीम पर आधारित यह कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न होगा–प्रथम चरण 02 से 08 अगस्त, द्वितीय चरण- 09 से 12 अगस्त, और तृतीय चरण- 13 से 15 अगस्त 2025 तक।अभियान के दौरान समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा, रंगोली बनाई जाएगी, और सेल्फी ज़ोन तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम की व्यापक सफलता सुनिश्चित करने हेतु पंपलेट, बैनर, स्टैंडीज़ आदि के माध्यम से स्थानीय भाषाओं में जोरदार प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

यह अभियान नागरिक एकता और सामूहिक उत्सव की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वच्छता और जल संरक्षण के संकल्प को भी समाहित किया गया है।प्रथम चरण (02 से 08 अगस्त) के अंतर्गत विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण हेतु कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर तीन रंगों के धागों से तिरंगे की बुनाई का प्रदर्शन भी होगा। विद्यालयों में तिरंगे के मूल्यों और उसकी भावना से प्रेरित पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।द्वितीय चरण (09 से 12 अगस्त) के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर जनसहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा

, जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों और खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा कंसर्ट में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त तिरंगा रैली, बाइक और साइकिल रैली का आयोजन भी किया जाएगा। तृतीय चरण (13 से 15 अगस्त) में शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों एवं पुलों पर तिरंगा फहराया जाएगा तथा रोशनी की जाएगी। इसी अवधि में स्वच्छता और जल संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियां भी संपन्न की जाएंगी।''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम में जिले के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्पोरेट एवं निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित इस अभियान में भाग लेने और सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।संस्कृति विभाग द्वारा इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार की वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करते हुए आमजन को ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया जाएगा। साथ ही ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' विषयक सभी गतिविधियों को वेबसाइटइस कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंचों, नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### प्रशासन की तत्परता से दिव्यांग को मिला राशनकार्ड, खुला योजनाओं का द्वार

**रायपुर, 2 अगस्त।** प्रशासनिक संवेदनशीलता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता ने मिसाल पेश की है। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पण्डोतरा निवासी दिव्यांग सुभाष टण्डन को अब उनका बहुप्रतीक्षित राशनकार्ड मिल गया है। यह कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि उनके अधिकारों की पहचान और आत्मसम्मान का प्रतीक बन गया है।सुभाष ने जनपद पंचायत मुंगेली में राशनकार्ड हेतु आवेदन किया था, जिस पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें शीघ्रता से कार्ड प्रदान किया। पहले राशनकार्ड नहीं होने की वजह से उन्हें अनेक योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई होती थी, पर अब उन्हें न केवल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सस्ता अनाज मिलेगा, बल्कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना जैसी कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा।

## बगिया बना जरूरतमंद लोगों के लिए आशा का केंद्र



**जशपुरनगर, 2 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निजी निवास बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय आमजन के लिए उम्मीद और सहारा का केंद्र बन चुका है।यहां स्वास्थ्य से जूझते गरीब, आदिवासी और जरूरतमंद लोग जो इलाज के लिए भटक चुके होते हैं, वे अब सीधे बगिया पहुंचते हैं। यहां न केवल उन्हें गंभीरता से सुना जाता है, बल्कि हर संभव मदद भी सुनिश्चित की जाती है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सुलभ, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन की शुरुआत की है। यह हेल्पलाइन सेवा जिले के उन लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रही है, जो लंबे समय से गंभीर बीमारियों या इलाज के अभाव में परेशान थे।सीएम कैंप कार्यालय बगिया में प्राप्त आवेदन अनुसार अब तक इस पहल के अंतर्गत 2856 मरीजों को इलाज के लिए आवश्यक चिकित्सकीय सलाह, दवाइयाँ, अस्पताल में भर्ती की सुविधा, रेफरल सेवा और आवश्यकतानुसार एंबुलेंस की व्यवस्था कराई जा चुकी है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर शुरू की गई स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन अब तेज, प्रभावी और भरोसेमंद सेवा बन चुकी है।इस हेल्पलाइन की सबसे विशेष बात यह है कि सीएम कैंप कार्यालय बगिया में कोई भी व्यक्ति जैसे ही स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए आवेदन करता है, मात्र 5 मिनट के भीतर हेल्पलाइन टीम की कॉल उसके पास पहुंच जाती है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की इस संवेदनशील पहल से अब हजारों मरीजों को इलाज के लिए तत्काल सहायता मिल रही है।

## एक नजर

### डूरंड कपः क्लेटन सिल्वा के चार गोल, डायमंड हार्बर एफसी ने बीएसएफएफसी को 8-1 से रौंदा



**कोलकाता, 2 अगस्त (एजेंसी)।** 134वें डूरंड कप में डायमंड हार्बर एफसी ने अपने विजयी अभियान को जारी रखते हुए बीएसएफएफसी को ग्रुप बी के मुकाबले में 8–1 से करारी शिकस्त दी। किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल (2′, 35′, 71′, 90+3′) दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल (7′, 39′) किए, जबकि पॉल (53′) और जॉबी जस्टिन (67′) ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया। आई–लीग 2 की चैंपियन डायमंड हार्बर एफसी ने महज़ दूसरे मिनट में ही क्लेटन सिल्वा के गोल से खाता खोल दिया। जॉबी जस्टिन के क्रॉस पर उन्होंने सटीक फिनिश करते हुए टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद सातवें मिनट में लुका माजसेन ने बॉक्स में क्लेटन की हलचल का फायदा उठाकर दूसरा गोल दागा।

### खालिद जमील बने भारतीय फुटबॉल टीम के नए कोच, AIFF ने किया एलान

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)।** अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) ने खालिद जमील को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया है। शुक्रवार को एआईएफएफ ने इसका एलान किया। खालिद ने 2017 में आइजॉल फुटबॉल क्लब को आई–लीग खिताब दिलाया था। 13 वर्षों में पहली बार किसी भारतीय को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है।



**तीन लोगों की सूची में से चुना गया:** पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के मैनेजर 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यों की सूची में से चुना है। अन्य दो दावेदार भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविक थे। स्टीफन पहले स्लोवाकिया की राष्ट्रीय टीम के कोच थे।

**विजयन की अध्यक्षता वाली समिति ने चुना:** महान स्ट्राइकर आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने कार्यकारी समिति के अंतिम निर्णय के लिए तीन उम्मीदवारों को चुना था। जमील स्पेन के मनोलो मार्केज का स्थान लेंगे, जिन्होंने भारत के हालिया संघर्षों के बाद पिछले महीने एआईएफएफ से नाता तोड़ लिया था।

# नेशनल बैंक ओपन टेनिस : कनाडा के डायलो को हराकर फ्रिट्ज तीसरे दौर में, शेल्टन भी आगे बढ़े



**टोरंटो, 2 अगस्त (एजेंसी)।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के छह फुट आठ इंच लंबे गैब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से होगा जिन्होंने फ्रांस के 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया।

अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रेंडन नकाशिमा को 6-7, 6-2, 7-6 से मात दी। अब वह इटली के 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली से खेलेंगे। रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया । सातवी वरीयता प्राप्त अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। अब वह ऑस्ट्रेलिया के ही एलेक्स डि मिनौर से खेलेंगे।

**पेगुला को सेवास्तोवा ने हराया :** दो बार की गत चैम्पियन जेसिका पेगुला नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अनास्तासिया सेवास्तोवा से 6-3, 4-6, 1-6 से हार गई। लातविया की 35 वर्ष की सेवास्तोवा 2018 में 11वीं रैंक पर थीं, लेकिन अब 386वें स्थान पर खिसक गईं। अब उनका सामना जापान की नाओमी ओसाका से होगा जिन्होंने लातविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराया। अन्य मैचों में विम्बलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6-2, 6-2 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टाउसन से होगा जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-0 से मात दी। पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने इंग्लैंड का एम्मा रादुकानू को 6-2, 6-1 से हराया। अब वह यूक्रेन की दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से खेलेंगी जिन्होंने रूस की अन्ना कालिंस्काया को 6-1, 611 से शिकस्त दी। छठी वरीयता प्राप्त अमेरिका की मेडिसन कीस ने हमवतन कैटी मैकनैली को 2-6, 6-3, 6-3 से हराया।

### कोको गॉफ मांट्रियल ओपन के अंतिम 16 में पहुंची

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)।** कोको गॉफको फिर से अपनी सर्विस पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन 14 डबल-फॉल्ट करने के बावजूद वह रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रही। पिछले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी डेनियल कोलिंस के खिलाफ 23 डबल–फॉल्ट और तीसरे सेट के टाईब्रेकर से बचने के दो दिन बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त गॉफने कुदेरमेतोवा को 4–6, 7–5, 6–2 से पराजित किया। गॉफ का मुकाबला अब कनाडा की 18 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य की की मैरी बोजकोवा को 1–6, 6–3, 6–0 से हराया। अमेरिका की मैककार्टनी केसलर ने चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा आंद्रीवा को 7–6 (5), 6–4 से हराकर उलटफेर किया। अगले दौर में केसलर का सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा। कोस्त्युक ने ऑस्ट्रेलिया की 15वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना को 3–6, 6–3, 7–6 (4) से हराया।



### ईशा ग्रामोत्सव 2025: छह राज्यों में भारत का सबसे बड़ा ग्रामीण खेल महोत्सव, 50 हजार से अधिक खिलाड़ी शामिल



**नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)।** ईशा ग्रामोत्सव 2025 इस बार और भी बड़े स्वरूप में आयोजित हो रहा है। यह महोत्सव अब आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, पुडुचेरी और पहली बार ओडिशा के 35,000 से अधिक गांवों तक पहुंचेगा। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

**50 हजार से अधिक खिलाड़ी ले रहे हिस्सा :** 1 अगस्त 2024 से शुरू होने वाला यह महोत्सव, ग्रामीण भारत के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक है, जो सद्गुरु की प्रेरणा से शुरू हुआ। इस बार 50,000 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें 5,000 से अधिक महिलाएं होंगी। इसमें कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, फुटबॉल जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। चयनित टीमें राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगी, और 21 सितंबर 2025 को तमिलनाडु में भव्य समापन होगा। प्रतिभागियों के लिए कुल 67 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों को बराबरी का अवसर मिलेगा।

# खेल मंत्री मांडविया ने किया दिव्या को सम्मानित

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को फिडे महिला शतरंज विश्व कप फाइनल विजेता दिव्या देशमुख को सम्मानित किया। वह हाल ही में कोनेरू हम्पी को हराकर भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री द्वारा सम्मानित होने के बाद दिव्या ने कहा, 'मुझे बहुत खुशी है कि यह खिताब भारत आया है। कोनेरू बहुत अच्छा खेलीं लेकिन मुझे किस्मत का साथ मिला और मैं चैंपियन बन गयी। फाइनल में मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी यह थी कि इस खिताब का भारत आना तय हो गया था। माननीय मंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने पर मुझे बहुत खुशी महसूस हो रही है क्योंकि यह खिलाड़ियों को प्रेरित करता है और युवाओं को यह संदेश देता है कि उन्हें देश का समर्थन प्राप्त है। मैं शतरंज के लिए लगातार समर्थन देने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और खेल मंत्रालय को भी धन्यवाद देना चाहती हूं। इस तरह का निरंतर प्रोत्साहन देश में खेल को बढ़ाने में मदद करेगा।'




**मांडविया ने की दिव्या की तारीफ :** विश्व कप विजेता बनने के साथ दिव्या ने ग्रैंडमास्टर की उपलब्धि भी हासिल कर ली। उन्होंने अपने अभियान के दौरान झू जिनर, द्रोणावल्ली हरिका, और तान झोंग्यी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को मात दी। मांडविया ने कहा कि महिला विश्व कप में भारत की जीत देश की खेल प्रतिभा का प्रमाण है।

## क्रिकेट डायरी

# ओवल टेस्ट में भारत 52 रन से आगे

## इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट



**द ओवल, 2 अगस्त (एजेंसी)।** ओवल टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर 75 रन बना लिए हैं। टीम की बढ़त 52 रन की हो गई है। यशस्वी जायसवाल 51 और आकाश दीप 4 रन बनाकर नाबाद हैं। शनिवार को दोपहर 3:30 बजे से तीसरे दिन का खेल शुरू होगा।

शुक्रवार को मुकाबले के दूसरे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 247 रन बनाए। टीम को भारत की पहली पारी के स्कोर 224 रन के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली। इंग्लैंड से जैक क्रॉली ने 64 और हैरी ब्रूक ने 53 रन की पारी खेली। भारत से प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज को 4-4 विकेट मिले। इससे पहले कल पहले सेशन में करुण नायर के 57 रन की बदौलत भारत ने 224 रन बनाए। इंग्लैंड से गस एटकिंसन ने 5 विकेट झटके। जोश टंग को 3 विकेट मिले।

### बुमराह पांचवें टेस्ट से रिलीजः इंग्लैंड दौरे में तीन टेस्ट ही खेले

**लंदन, 2 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफपांच मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी टेस्ट से टीम से रिलीज कर दिया गया है। उन्होंने 3 टेस्ट खेले, जिसमें कुल 119.4 ओवर फेंके और 14 विकेट लिए। बुमराह ने हेडिंग्ले (पहला टेस्ट) और लॉर्ड्स (तीसरा टेस्ट) में पांच–पांच विकेट लिए। हालांकि, मैनचेस्टर टेस्ट में उन्हें पहली बार किसी एक पारी में 100 से ज्यादा रन देने पड़े। अब उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 219 विकेट हो चुके हैं। टाइम्स ऑफइंडिया के मुताबिक बीसीसीआई नई पॉलिसी पर विचार कर रहा, इसमें बुमराह जैसे प्लेयर्स तभी खेलेंगे जब वो पूरी सीरीज के लिए फिट और उपलब्ध रहें।



**बीसीसीआई नीति में बदलाव की चर्चा:** रिपोर्ट के अनुसार, टीम मैनेजमेंट बुमराह को तभी चुनना चाहती है जब वह पूरी टेस्ट सीरीज खेलने के लिए उपलब्ध हों। चयन से पहले मेडिकल टीम से उनकी फिटनेस रिपोर्ट मांगी जाएगी।

# बुलवायो टेस्ट: न्यूजीलैंड 9 विकेट से जीता

**बुलवायो, 2 अगस्त (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने बुलवायो में खेले गए पहले टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ कीवियों ने 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। न्यूजीलैंड को सिर्फ 8 रनों का लक्ष्य मिला था जिसे उसने सिर्फ 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैट हेनरी ने इस मुकाबले में कुल 9 विकेट चटकाए। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। टीम 149 रन पर ऑलआउट हो गई। हेनरी ने सबसे ज्यादा 6 विकेट चटकाए। जवाब में डेवोन कॉनवे (88) और डेरिल मिचेल (80) की पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने 307 रन बनाए। जिम्बाब्वे की दूसरी पारी सिर्फ 165 रन पर ही समाप्त हो गई। मिचेल सेंटनर ने 4 विकेट लिए और कीवी टीम ने आसानी से मैच जीत लिया। पहली पारी में हेनरी ने 15.3 ओवर गेंदबाजी की और 3 मेडन ओवर के साथ 39 रन देकर 6 विकेट चटकाए। ये उनके टेस्ट करियर का पांचवां 5-विकेट हॉल था। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने पहले टेस्ट में ही 5 विकेट हॉल लिए। दूसरी पारी में इस खिलाड़ी ने 21 ओवर में 51 रन देकर 3 विकेट लिए। अब तक हेनरी ने 31 टेस्ट खेले हैं और इसकी 61 पारियों में 28.45 की औसत से 129 विकेट झटके हैं।



**कॉनवे की फिफ्टी :** कॉनवे ने 170 गेंदों का सामना किया और 88 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 12 चौके निकले। यह उनके टेस्ट करियर का 12वां अर्धशतक रहा। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला अर्धशतक लगाया। अब तक इस खिलाड़ी ने 28 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 53 पारियों में 37.07 की औसत से 1,928 रन बनाए हैं। कॉनवे के बल्ले से 4 शतक भी निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 200 रन रहा है।

## व्यापार

# कृषि-डेयरी क्षेत्रों के लिए अमेरिका को रियायत देने को तैयार नहीं भारत

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)।** भारत ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) में कृषि उत्पादों, डेयरी और जीएम खाद्य पदार्थों पर शुल्क रियायत बढ़ाने पर अपना रुख साफ कर दिया है। अमेरिका और भारत के साथ अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की है कि 7 अगस्त से अमेरिकी बाजारों में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा। इससे पहले यह शुल्क एक अगस्त से लगाया जाना था। हालांकि, राष्ट्रपति ने यह भी नहीं बताया कि रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने पर उन्होंने भारत पर कितना जुर्माना लगाने की घोषणा की है। भारत के रुख के पीछे के कारणों और श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर अमेरिकी टैरिफके प्रभाव को समझाने के लिए आइए जानते हैं कुछ अहम सवालों के जवाब।

### भारत डेयरी, कृषि और जीएम खाद्य पदार्थों पर शुल्क रियायत देने के लिए तैयार क्यों नहीं है?

**कृषि:** कृषि आजीविका दांव पर है। यह राजनीतिक और आर्थिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र है क्योंकि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 70 करोड़ से ज़्यादा लोग इस क्षेत्र पर निर्भर हैं। अगर भारत टैरिफ हटाता है, तो वैश्विक कीमतों में गिरावट के दौरान सस्ते, सब्सिडी वाले अमेरिकी अनाज भारतीय बाजारों में भर सकते हैं। अमेरिका के उलट, जहां कृषि का निगमीकरण हो चुका है, भारतीय खेती आजीविका से जुड़ा मसला है। छोटे किसानों की सुरक्षा, मूल्य अस्थिरता को नियंत्रित करने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टैरिफ आवश्यक हैं।

**डेयरी:** भारत अपने छोटे किसानों की सुरक्षा करना चाहता है। जीटीआरआई ने कहा कि अमेरिका का तर्क है कि भारत के जीएम-मुक्त फ़ीड प्रमाणन और सुविधा पंजीकरण प्रोटोकॉल अमेरिकी डेयरी आयात पर प्रभावी रूप से प्रतिबंध लगाते हैं। जीटीआरआई ने कहा है, भारतीय नियम धार्मिक संवेदनशीलता के कारण पशु-जनित आहार से प्राप्त पशुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाते हैं, उदाहरण के लिए, गाय के मांस से प्राप्त मक्खन पर। भारत इस नीति पर समझौता नहीं करने योग्य मानता है।



**जीएम खाद्य:** इन्हें विशिष्ट जीनों को, जो अक्सर बैक्टीरिया, वायरस, अन्य पौधों या कभी-कभी जानवरों से प्राप्त होते हैं, पौधे के डीएनए में डालकर बनाया जाता है, ताकि नए गुण, जैसे कीट प्रतिरोध या शाकनाशी सहिष्णुता, उत्पन्न किए जा सकें। पशु आहार के लिए सोयाबीन भोजन और घुलनशील पदार्थों के साथ सूखे अनाज (डीडीजीएस) जैसे जीएम उत्पादों के आयात की अनुमति देने से यूरोपीय संघ को भारत के कृषि निर्यात पर असर पड़ेगा, जो भारतीय निर्यातकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है।

### भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) क्या है?

भारत और अमेरिका ने मार्च 2025 में एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी बीटीए के लिए वार्ता शुरू की, जिसका लक्ष्य 2025 के अक्तूबर-नवंबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना है। अब तक पांच दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है। अगले दौर के लिए, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिकी टीम 25 अगस्त से भारत दौरे पर आ रही है।

### बीटीए का मकसद क्या है?

आमतौर पर किसी व्यापार समझौते में, दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क या तो काफी कम कर देते हैं या उसे पूरी तरह से समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा, वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और दोतरफा निवेश बढ़ाने के लिए मानदंडों को आसान बनाते हैं। भारत-अमेरिका बीटीए का लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान के 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

### बीटीए में दोनों देशों की एक दूसरे से प्रमुख मांगें क्या हैं?

अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, कृषि वस्तुओं, डेयरी वस्तुओं, सेब, वृक्ष नट्स और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। वहीं, भारत इस अतिरिक्त टैरिफ (वर्तमान में 25 प्रतिशत) को हटाने तथा इस्पात और एल्युमीनियम (50 प्रतिशत), ऑटो क्षेत्र (25 प्रतिशत), श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले पर टैरिफ में कटौती की मांग कर रहा है। भारत का औसत आयात शुल्क लगभग 17 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका का 3.3 प्रतिशत है। 2 अप्रैल को, अमेरिका ने 26 प्रतिशत शुल्क (16 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क और 10 प्रतिशत आधारभूत शुल्क) लगाने की घोषणा की। वर्तमान में, केवल आधारभूत शुल्क ही लागू है। यह भारतीय वस्तुओं पर मौजूदा आयात शुल्क के अतिरिक्त है। उदाहरण के लिए, 2 अप्रैल से पहले, भारतीय वस्त्र उद्योग पर अमेरिका में 6-9 प्रतिशत शुल्क लगता था। बेसलाइन शुल्क के साथ, यह बढ़कर 16-19 प्रतिशत हो गया। लेकिन 7 अगस्त से, इस क्षेत्र पर 31-34 प्रतिशत शुल्क लगेगा। बेसलाइन शुल्क की जगह 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा, जिसकी अधिसूचना 31 जुलाई को व्हाइट हाउस द्वारा जारी की जाएगी। हालांकि, कुछ उत्पादों को इन टैरिफ से छूट दी गई है जैसे कि फार्मास्यूटिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा उत्पाद।

### 25 प्रतिशत शुल्क कब से लागू होगा?

इस सप्ताह घोषित यह शुल्क 7 अगस्त (भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे) से लागू होगा। कार्यकारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 5 अक्टूबर, पूर्वी डेलाइट समय (ईडीटी) के अनुसार रात 12:01 बजे या भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे तक पारगमन में मौजूद वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा, बशर्ते कि ऐसी वस्तुएं 7 अगस्त, पूर्वी डेलाइट समय के अनुसार रात 12:01 बजे से पहले पारगमन में प्रवेश कर गई हों।

# सोने का दाम 281 घटकर 98,253 रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 1 अगस्त को गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 281 रुपए गिरकर 98,253 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,534 रुपए पर था।



वहीं चांदी की कीमत 304 रुपए कम होकर 1,09,646 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,09,950 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

**इस साल अब तक 21,809 महंगा हुआ सोना:** इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,809 रुपए बढ़कर 97,971 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 23,802 रुपए बढ़कर 1,09,819 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।


**कार्यालय नगर मालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1381/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 30/07/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रोहित केशरवानी पिता स्व. श्री राज किशोर केशरवानी वार्ड क्रं. 04 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्रीमती राजकुमारी पति स्व. श्री राज किशोर केशरवानी गुरु घासीदास वार्ड क्रं. 04 तिल्दा-नेवरा निवासी का मृत्यु दावा, सहमति पत्र निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्रं. 225/04 भूमि गुरु घासीदास वार्ड नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मण्डल क्र. 1 रायपुर (छ.ग.)**

दूरभाष : (0771) 2331431 फैक्स : (0771) 4055885
ईमेल : se1.raipur@gov.in

**निविदा शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित एन.आई.टी. क्र. 188 निविदा क्र. 172042 दिनांक 22.07.2025 में Annexure-G SPECIAL CONDITIONS OF N.I.T. की कंडिका-07 त्रुटिवश अंकित हो गया है को विलोपित माना जावें।

**जी.नं. 252602354**

**निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।**

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग**
**रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर**

**जी- 252602540/7**


# एसबीआई रिपोर्ट में दावाः क्रेडिट ग्रोथ को बढ़ावा देने रेपो रेट में हो सकती है 25 आधार अंकों की और कटौती

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आगामी 5 से 7 अगस्त को होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में 25 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती की घोषणा कर सकता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त में दरों में एकमुश्त कटौती से ऋण वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, जिससे 'जल्दी दिवाली' जैसी फीलिंग आ सकती है, क्योंकि वित्त वर्ष 2026 का त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले आंकड़े एक स्पष्ट रुझान दिखाते हैं कि दिवाली से पहले रेपो दर में किसी भी कटौती से त्योहारी अवधि के दौरान ऋण वृद्धि में इजाफा हो सकता है।




रिपोर्ट के अनुसार, हमें उम्मीद है कि आरबीआई अगस्त की नीति में 25 आधार अंकों की कटौती के साथ आगे बढ़ना जारी रखेगा।÷ रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त 2017 में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती से दिवाली के अंत तक 1,956 अरब रुपये की वृद्धिशील ऋण वृद्धि हुई। इसमें लगभग 30 प्रतिशत योगदान व्यक्तिगत ऋणों का था।

रिपोर्ट में कहा गया कि दिवाली, भारत के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है इस कारण, इस मौके पर उपभोक्ता खर्च में वृद्धि दिखती, और दिवाली से पहले कम ब्याज दर का माहौल ऋण मांग को बेहतर बनाने में मदद करता है।

# बेहतर मानसून से खरीफ की बुवाई तेज, कृषि जीवीए और ग्रामीण मांग में सुधार की उम्मीद

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)।** इस सीजन खरीफ फसलों की बुवाई पिछले साल की तुलना में अधिक होने की उम्मीद है। अनुसंधान फर्म आईसीआरए की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार अच्छे मानसून की बदौलत खरीफ की बुवाई 76 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। जुलाई 2025 तक इसमें चार प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई।

अच्छे मानसून से रबी फसलों की भी बुवाई में वृद्धि की संभावना

जून और जुलाई के बरसात के महीनों में बोई जाने वाली खरीफ फसलें मुख्य रूप से मूंग, चावल और मक्का हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि अगस्त और सितंबर के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा का आईएमडी का पूर्वानुमान खरीफ फसलों की निरंतर बुवाई के लिए अच्छा संकेत है। साथ ही जलाशयों के दोबारा भरने से अक्टूबर से मार्च तक रबी सीजन के दौरान बुवाई को बढ़ावा मिलेगा।

आईसीआरए के अनुसार जुलाई 2025 के दौरान भारत में सामान्य से अधिक वर्षा होगी। पूरे दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन के दौरान वर्षा की मात्रा दीर्घावधि औसत (एलपीए) के 106 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
नया प्रशासनिक कार्यालय, गांधी मैदान बैनर बाजार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. : 0771-2535780, 90, फैक्स. : 0771-72227395, E-mail :-de_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 119/उद्यान/न.पा.नि./2025 — रायपुर, दिनांक 29/7/2025

**"निविदा आमंत्रण सूचना"**

नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत मुख्यालय में आयुक्त कार्यालय में वॉल पेपर, वॉल पेनलींग कार्य, फॉल सिलिंग आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्म से फार्म 'B' में सीलबंद निविदा दिनांक 20.08.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक स्पीड या रजिस्टर्ड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है:-

निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख में) | आमनत राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय में टूट-फूट हुए पेनल को बदले जाने तथा मिटिंग रूम एवं मुख्य कक्ष तथा कॉरीडोर एरिया एवं बालकनी एरिया में विभिन्न कार्य जैसे वॉल पेनलींग, फॉल सिलिंग, खराब सोफे को बदले जाने, बालकनी क्षेत्र में वॉल पेनलींग तथा बैठक व्यवस्था एवं बालकनी को लॉन के रूप में तैयार करने बाबत्। | रू. 9,60,000.00 | रू.10,000.00 | 2 माह |

निविदा प्रपत्र मुख्यालय नगर पालिक निगम रायपुर उद्यान विभाग कार्यालय रूम नम्बर 317 नया प्रशासनिक कार्यालय गांधी मैदान रायपुर से राशि रू. 750/- (सात सौ पचास) नगद जमाकर कार्यालयीन अवधि में दिनांक 18.08.2025 तक प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा नगर पालिक निगम रायपुर के वेबसाईट http://nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकते है। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि निविदा के साथ डी.डी. के रूप में जमा करना होगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 21.08.2025 को समय 11:00 बजे निविदाकारों / उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में खोली जावेगी।

**घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

एक नजर

## क्रेडा के प्लेसमेंट कर्मियों के भत्तों में बढ़ोत्तरी

**रायपुर, 02 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है. जिसने हजारों कर्मियों के जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भर दिया है.

क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सी.ई.ओ.) राजेश सिंह राणा के संवेदनशील एवं दूरदर्शी नेतृत्व में इन कर्मियों के मासिक पारिश्रमिक और यात्रा भत्ते में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी की गई है. क्रेडा के संविदा कर्मियों के पारिश्रमिक में वृद्धि के बाद से ही प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा लगातार पारिश्रमिक वृद्धि की मांग क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी और क्रेड सी-ई-ओ- राजेश सिंह राणा से लगातार की जा रही है. जिस पर सहानुभूति पूर्व विचार करते हुए यह आदेश क्रेडा के शासी निकाय की 44वीं बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया.

## नवविवाहिता ने की आत्महत्या पति, सास-ससुर गिरफ्तार

**रायपुर, 02 अगस्त ।** थाना तिल्दा नेवरा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में दहेज की मांग को लेकर एक नवविवाहिता की आत्महत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में मृतिका के पति, सास और ससुर को गिरफ्तार किया है। अपराध क्रमांक 325/2025 के तहत धारा 80(2), 3(5) बी.एन.एस. के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। घटना 01 अगस्त 2025 को दर्ज की गई, जब मृतिका उषा कहरा ने अपने ससुराल में दहेज की मांग से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

## मैथिलीशरण गुप्त की जयंती 3 को

**रायपुर, 02 अगस्त।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 के सहयोग से राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती 3 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर मे जलविहार कालोनी उद्यान में स्थित उनकी प्रतिमा स्थल में उनका सादर नमन करने पुष्पांजलि आयोजन रखा गया है।

पुष्पांजलि आयोजन हेतु रायपुर नगर पालिक निगम के सस्कृति विभाग की ओर से रायपुर नगर पालिक निगम जोन 3 जोन कमिश्नर को जलविहार कालोनी उद्यान में स्थित प्रतिमा स्थल पर और आसपास के क्षेत्र में आवश्यक साफ-सफाई, पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुडियां आदि के साथ-साथ अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था करवाने निर्देशित किया गया है।

# दिव्यांग बच्चों के संरक्षण पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## कानून, योजनाओं व पुलिस की भूमिका पर विस्तार से दी गई जानकारी

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर।** दिव्यांग बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर शनिवार को पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम की पहल पर आयोजित इस एकदिवसीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ पुलिस और यूनिसेफकी संयुक्त भागीदारी रही।

इस अवसर पर विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) व बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को दिव्यांग बच्चों से जुड़े मामलों की जांच और संवेदनशील व्यवहार के प्रति प्रशिक्षित किया गया।

मुख्य अतिथि डीजीपी गौतम ने कहा कि बदलते सामाजिक ढांचे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की जिम्मेदारी बढ़ गई है। इसलिए पुलिस को सिर्फ कानून नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी बच्चों को समझना होगा।

कार्यशाला में दिल्ली से विषय विशेषज्ञ प्रतीक अग्रवाल और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कमल सिंह भदौरिया ने कानून, योजनाओं व पुलिस की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में 135 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

# नई राजधानी में ई-बस का संचालन नाडा को केन्द्र की सहमति का इंतजार

■ रायपुर ई-बस संचालन को मिली अनुमति



**रायपुर, 02 अगस्त।** केन्द्र शासन ने नई राजधानी के अंतर्गत ई-बस के संचालन को अनुमति नहीं दी है। नारडा के अधिकारियों के अनुसार अभी सिर्फ रायपुर नगर निगम को ही बस संचालन की अनुमति दी गई है। राजधानी रायपुर में ई-बस का संचालन के लिए उच्च स्तरीय प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत रायपुर नगर निगम प्राइवे लिमिटेड बस सर्विस का गठन किया जा रहा है। इसके लिए बस स्टॉप बनाए जा रहे हैं। अधिंकाश रूटों का भी निर्धारण किया जा रहा है। राजधानी के अंदर रूटों का निर्धारण भी किया जा रहा है। लेकिन नई राजधानी में बस संचालन के लिए अनुमति नहीं मिली है।

राजधानी के महानदी एवं इन्द्रावती संचालनालय के कर्मचारियों को लाने ले जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराई गई है, केन्द्र सरकार के जेएनआयूएम के तहत बसों का संचालन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा बड़ी संख्या में नागरिकों की सुविधा के लिए यात्री बस भेजी गई थी। तत्कालीन नगरीय निकाय मंत्री ने इसे शहरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बस संचालन का जिम्मा कलेक्टरों को दे दिया है। इसका फायदा ग्रामीण अंचल के लोगों को हुआ था। राजधानी से कुम्हारी मात्र 15 रूपए तथा रायपुर से सोमनाथ तथा धमधा, एवं धरसींवा, मंदिर हसौद में सस्ते दरों पर गाड़िया चल रही थी, लेकिन गाड़ियों को कोरोना काल में रखकर कंडम कर दिया गया। जिसके कारण जन सामान्य का सबसे ज्यादा घाटा हुआ।

# विधायक पुरंदर मिश्रा की जगन्नाथ सेना रोकेगी धर्मांतरण

## लोगों को समझाइश देने खुद उतरे सड़कों पर

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 02 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ समय से धर्मांतरण से जुड़ी कई बड़ी खबरें सामने आई है। प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से आए दिन लोगों का धर्मांतरण करवाने का मामला सामने आता है। प्रदेश में लगातार बढ़ रही धर्मांतरण की घटनाओं के बीच रायपुर उत्तर विधानसभा से भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने एक बड़ा कदम उठाया है। दरअसल, भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने धर्मांतरण रोकने के लिए जगन्नाथ सेना का गठन किया है। इतना ही नहीं विधायक पुरंदर मिश्रा धर्मांतरण रोकने के लिए आज खुद ही वार्डों के भ्रमण पर निकले थे। अपने भ्रमण के दौरान विधायक मिश्रा लोगों को धर्मांतरित न होने की समझाइश के साथ धर्मांतरण कराने वालों का पुरजोर विरोध करने की बात समझाते हुए नजर आए। इस दौरान भाजपा विधायक मिश्रा ने लोगों से कहा कि, धर्मांतरण कराने वालों की पिटाई करनी है। उन्होंने आगे कहा कि, किसी भी हिंदू व्यक्ति को धर्मांतरित होने नहीं देंगे।

भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने बयान में आगे कहा कि, आज से हर रोज अलग-अलग मोहल्लों में दौरा किया जाएगा और लोगों को धर्मांतरण के खिलाफ प्रेरित किया जाएगा। विधायक मिश्रा ने आगे कहा कि, विदेशी तत्व भारत को बदनाम करने के लिए जो प्रयास कर रहे हैं, हम उसका पुरजोर विरोध करेंगे। भाजपा विधायक ने अपने बयान में आगे कहा कि, जहां-जहां भी लोग धर्मांतरण करवाने आएंगे हम उनका जमकर विरोध करेंगे।

वहीं, बस्तर से लेकर जशपुर तक खास तौर पर शहरी क्षेत्र भी अब धर्मांतरण के हॉट स्पॉट बनते जा रहे हैं। हाल ही में भिलाई और बिलासपुर में सामने आए मामले इसके ताजा उदाहरण थे। अकेले न्यायधानी बिलासपुर में ही बीते 6 माह में 30 से ज्यादा मामलों पर हंगामा मचा है, जिसमें प्रार्थना सभा के आड़ में धर्मांतरण के न केवल आरोप लगे हैं, बल्कि आपराधिक मामले भी दर्ज हुए हैं। हिंदू संगठन बाकायदा टास्क टीम गठित कर धर्मांतरण के खिलाफ हल्ला बोल कर रहे हैं, दबिश दे रहे हैं और इसका पर्दाफाश कर रहे हैं।

# एनएसयूआई ने जोन कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

## अमलीडीह एक्सप्रेस-वे जॉइंट रोड निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग



**रायपुर, 02 अगस्त।** आज एन.एस.यू.आई के प्रदेश सचिव श्री कुणाल दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम जोन क्रमांक-10, अमलीडीह रायपुर के जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से अमलीडीह क्षेत्र में लंबे समय से लंबित एक्सप्रेस वे जॉइंट रोड निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उक्त सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय है, जिससे आम नागरिकों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में जलभराव, ट्रैफिक जाम, और दुर्घटनाओं की संभावनाएं लगातार बनी हुई हैं। वहीं दूसरी ओर वार्ड के अंतर्गत आने वाली अन्य बुनियादी समस्याएं, जैसे नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, साफ-सफाई व्यवस्था तथा पेयजल संकट आदि की ओर भी नगर निगम का ध्यान आकर्षित किया गया। श्री कुणाल दुबे ने कहा कि यदि नगर निगम शीघ्र इन समस्याओं का समाधान नहीं करता, तो एन.एस.यू.आई चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

इस मौके पर एन.एस.यू.आई के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल, जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर ख़ान , जिला महासचिव संस्कार पांडेय, तनिष्क मिश्रा , रोहन बाग , कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने एकजुट होकर जनहित में समस्याओं के समाधान की मांग की।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26